9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 4.00
वर्ष-12, अंक 89, पृष्ठ -12
महानगर संस्करण
D-live NewsTV
www.dabangdunia.co.in

# दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024

निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर

देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें



पेज 05

# सीएम साय ने मुख्यमंत्री अन्न कोष योजना का किया शुभारंभ

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्रांउड में आयोजित कार्यक्रम में 536 करोड़ 14 लाख की लागत वाले 1614 विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया और कहा कि इससे सरगुजा जिले के विकास में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र अधोसंरचना विकास के लिए 23.90 करोड़ रूपए दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल अंबिकापुर को डीकेएस रायपुर की तर्ज पर विकसित करने तथा विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज किए जाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय इस अवसर पर सरगुजा जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्न कोष योजना का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा यह योजना पायलट प्रोजेक्ट की शुरू की गई है। इससे पहाड़ी कोरवा समुदाय में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई कैरियर निर्देशिका का भी विमोचन किया।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर मां महामाया को नमन करते हुए जिलेवासियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए कहा कि अंबिकापुर छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के सबसे सुंदर और साफ सुथरे शहरों में शामिल है। यह सब नगर निगम के अधिकारी-कमर्चारियों, हमारे सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों के योगदान से हो पाया है। अंबिकापुर के नागरिकों को भी इसका श्रेय देना चाहूंगा, जिनके सहयोग से अंबिकापुर स्वच्छ और सुंदर बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास किया है। 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। इस एक साल के अल्पकाल में ही सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े बड़े कामों को पूरा करने का प्रयास किया है। बीते पांच सालों में गरीब जरूरतमंद परिवार, जो प्रधानमंत्री आवास से वंचित थे, उनके आवास स्वीकृत एवं निर्मित किए जा रहे हैं। शासन द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। किसानों को धान का मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने के लिए शासन प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख से ज्यादा माताओं और बहनों को लाभान्वित किया जा रहा है। तेंदूपत्ता का पारिश्रमिक अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है। श्रीराम लला दर्शन यात्रा योजना से 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम जाकर भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य मिला है। हमने वायदे के मुताबिक पीएससी परीक्षा में पारदशिर्ता लाने का काम किया है। बीते वर्ष पीएससी की भर्ती प्रक्रिया में हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई कर रही है। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरगुजावासियों को जिले के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर वहां लगाए गए शासकीय विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री एवं राशि का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य के लिए स्वयं सेवक श्रीमती बानी मुखर्जी, मितानिन श्रीमती परिमनिया यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रमिला तिर्की एवं श्रीमती पुरो बाई, स्वच्छता दीदी श्रीमती सुनीता सारखेली, लुण्ड्रा के मंडल संयोजक श्री रघुनाथ प्रसाद, व्याख्याता श्रीमती लीना थॉमस को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणी महाराज, अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, सामरी विधायक श्रीमती पैंकरा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सार.समाचार

### मुंबई में बस ने 30 को कुचला, 3 की मौतः 27 घायल

**रायपुर।** मुंबई के कुर्ला मे BEST बस ने करीब 30 लोगों को कुचल दिया। जिसमें तीन की मौत हो गई और 27 लोग घायल हैं। हादसा कुर्ला पश्चिम रेलवे स्टेशन रोड पर अंबेडकर नगर में हुआ। बस कुर्ला स्टेशन से अंधेरी जा रही थी। इएरळ की यह बस इटउ के अंडर में चलती है। घायलों को सायन और कुर्ला भाभा में भर्ती कराया गया है। शिवसेना विधायक दिलीप लांडे ने कहा, कुर्ला स्टेशन से निकली एक बस का ब्रेक फेल हो गया और ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। ड्राइवर घबरा गया और ब्रेक दबाने की बजाय उसने एक्सीलेटर दबा दिया जिससे बस की स्पीड बढ़ गई। वह बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और 30-35 लोगों को रौंद दिया। 3 लोगों की मौत हो गई, 4 लोग गंभीर हालत में हैं।

### मुख्यमंत्री आज सोनाखान और राजाराव पठार करेंझर जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल 10 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री रायपुर के न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन में अपेक्स बैंक एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंको के संयुक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक में आयोजित कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात हेलीकॉप्टर से सोनाखान जाएंगे और वहां शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर विकास एवं निर्माण कायौ का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री सोनाखान से दोपहर 2.30 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर बालोद जिले के राजाराव पठार करेंझर पहुंचेंगे और वहां अपरान्ह 3.20 बजे से 4.20 बजे तक शहीद वीर नारायण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित सभा में शामिल होंगे।

### छत्तीसगढ़ की हरदीभाटा पंचायत को राष्ट्रपति देंगी पुरस्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी के नगरी ब्लॉक के हरदीभाटा पंचायत को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। पंचायती राज मंत्रालय के 2022-23 के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार की घोषणा हुई है। 11 दिसंबर को दिल्ली में विज्ञान भवन में विजेताओं को सम्मानित करेंगी। इस गांव ने सामाजिक रूप से न्याय संगत और सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत होने का अवॉर्ड जीता है।

# दूरस्थ अंचलों तक गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता : सीएम

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के बड़ा बाजार चिरमिरी में 100 बेड वाले सर्व सुविधायुक्त जिला चिकित्सालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के सेटअप स्वीकृत करने, भरतपुर में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) के पद की स्वीकृति तथा चिरमिरी, खोंगापानी, झगराखंड में ग्रिड से विद्युत सप्लाई की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

जिला अस्पताल चिरमिरी को अत्याधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से लैस किया गया है। इस



अस्पताल में 08 चिकित्सा विशेषज्ञ नियुक्त हैं तथा 80 प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में 07 ओपीडी सहित 04 ऑपरेशन थिएटर बनाए गए है। जिनमें 01 ऑपरेशन थिएटर चालू है। इसे मॉड्यूल ऑपरेशन थिएटर के रूप में परिवर्तित करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। इसके साथ ही अस्पताल में 08 बिस्तर वाले आईसीयू की सुविधा भी है। इस अस्पताल के बनने से जरूरतमंद लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी ढांचा मजबूत हो इस पर राज्य सरकार का विशेष फोकस है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना शासन की प्राथमिकता में है ताकि लोगों को आसानी से अच्छी इलाज की सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों, कक्षों तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया, उपस्थित मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और उन्हें फल भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को सेवा भाव के साथ कार्य करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री के हाथों चिरमिरी में जिला अस्पताल के लोकार्पण पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज जिले को 100 बिस्तरीय जिला अस्पताल के रूप में एक बड़ी सौगात मिली है।

# धनखड़ को हटाने राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। 70 विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर दस्तखत किया है। इसमें INDIA गठबंधन में शामिल सपा, टीएमसी और AAP शामिल हैं।



न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अगस्त में भी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच टकराव हुआ था। तब विपक्षी पार्टियों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए जरूरी 20 सांसदों का समर्थन जुटा लिया था। हालांकि बाद में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, 'मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरीत बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं।'




# 'वन नेशन-वन इलेक्शन' इस सत्र में हो सकता है पेश

**नई दिल्ली ♦ एजेंसी**

केंद्र सरकार संसद के मौजूदा सत्र में ही 'वन नेशन-वन इलेक्शन' बिल पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) के पास भेजा जाएगा।

JPC इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। इसके अलावा सभी राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और देशभर के बुद्धिजीवियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। आम लोगों की भी राय ली जाएगी। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के



बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 'पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं।

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

# पुलिस का कसा शिकंजा, 14 चार पहिया व 40 दोपहिया वाहन जब्त

■ फ्लोरा मैक्स से जुड़े आरोपियों समेत नाते-रिश्तेदारों की चल-अचल संपत्ति की जानकारी जुटा रही पुलिस

दबंग दुनिया ♦ कोरबा



प्रशासन-पुलिस द्वारा फ्लोरा मैक्स से जुड़े आरोपियों समेत उनके नाते-रिश्तेदारों की चल-अचल संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं कंपनी की खुद की चल-अचल संपत्ति की जानकारी जुटाकर जब्ती की जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा में शहर के बाद रजगामार में बनाए गए क्षेत्रीय कार्यालय को सील कर दिया गया है। अब तक डायरेक्टर-कैशियर समेत टॉप लीडरों के अलावा एजेंटों से 14 चार पहिया वाहन जब्त हो चुके हैं। जिसमें 2 कार, 2 मालवाहक ऑटो व 10 इको वाहन है। वहीं 40 दोपहिया वाहनों की जब्ती हो चुकी है।

## वाहनों की संख्या, एजेंटों में भी बढ़ रहा है तनाव

शहर में सेंटर खोलकर धोखाधड़ी करने वाली फ्लोरा मैक्स कंपनी के खिलाफ पुलिस की विवेचना व जब्ती कार्रवाई जारी है। जिसमें 100 से अधिक एजेंटों को वाहन बांटने की जानकारी मिलने पर रिकवर किया जा रहा है। फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा 30 हजार से अधिक महिला निवेशकों से करीब 100 करोड़ से अधिक की ठगी की गई है। मामले में पुलिस की विवेचना विस्तृत हो चुकी है। क्योंकि जैसे-जैसे पुलिस की विवेचना आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे नई जानकारी निकलकर सामने आ रही है। विवेचना के दौरान पुलिस को अब तक 100 से अधिक एजेंट को कंपनी की ओर से कारोबार को बढ़ावा दिलाने पर गिफ्ट में वाहन बांटने की जानकारी मिली है। जिसके आधार पर पुलिस अब संबंधित एजेंटों से संपर्क कर उन्हें थाना तलब कर रही है। जहां कंपनी द्वारा दिए गए वाहनों को जब्त कर रिकवर किया जा रहा है। इसके साथ ही एजेंटों का मामले के संबंध में बयान भी लिया जा रहा है। दूसरी ओर एजेंट भी कंपनी के धोखाधड़ी के बाद निवेशकों के तकादे व उसके बाद पुलिस के बुलावे से तनाव में चल रहे हैं। हालांकि पुलिस कंपनी के लुभावने स्कीम में फंसने के साथ ही अन्य लोगों को जोड़ने वाले एजेंटों के खिलाफ अभी किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रही है। एक अधिकारी के मुताबिक मामले में उन्हें भी पीड़ित मानते हुए उनका बयान लेकर केस को मजबूत बनाया जा रहा है।

### एजेंटों के नाम से खरीदवाए वाहन

फ्लोरा मैक्स कंपनी द्वारा एजेंटों के जो वाहन गिफ्ट के नाम से दिए गए हैं वे सभी फाइनेंस पर एजेंटों के नाम से खरीदवाए गए हैं। एजेंट जिस तरह से स्वयं फाइनेंस में वाहन खरीदते हैं वैसे ही प्रक्रिया पूरी करके हर महिने कंपनी से मिलने वाले कमीशन-वेतन से किश्त चुका रहे थे। हालांकि कंपनी व्यापार कर रही थी तब एजेंटों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही थी। वहीं अब वाहन फाइनेंस करने वाली कंपनियां भी एजेंटों के पास तकादे के लिए पहुंच रही है। जिससे उनकी परेशानी पहले से ज्यादा बढ़ गई है।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रकम वसूलने वाले दो गिरफ्तार



दबंग दुनिया ♦ कोरबा

नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रकम वसूलने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी सुमन सिंह राजपूत पिता चेतन सिंह उम्र 32 वर्ष साकिन बसंतपुर थाना कोतवाली जांजगीर चांपा और जय सिंह राजपूत पिता चेतन सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष को पकड़ा है। बाबू की नौकरी लगाने का झांसा देकर चार लाख पचास हजार रू वसूल करने वाले दो आरोपियों को बिलासपुर और जांजगीर से पकड़ने में दीपका पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। प्रार्थी संजय दास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि आरोपीया सुमन सिंह द्वारा अपने भाई जय सिंह के साथ मिलकर प्रार्थी और उसके दोस्त का सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर चार लाख पचास हजार रू वसूल लिए है, उक्त रिपोर्ट पर थाना दीपका में अपराध क्रमांक 415/2024 धारा 420,34 भा द वि पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को जांजगीर चांपा और बिलासपुर से गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# राठौर भवन में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का हुआ शुभारंभ



दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा

जांजगीर नगर के तलवापारा, राठौर भवन में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ है। हनुमान जी के मंदिर से पूजा अर्चना कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भीमा तालाब में वरुण आवाहन एवं ग्राम देवताओं का पूजन किया गया, इस शोभायात्रा में नगर के सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों सहित युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। आचार्य द्वारा वेद मंत्रो के साथ देवी देवताओं का आवाहन एवं पुराण की पूजा संपन्न कराई गई। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत महात्मय अर्थात षड़आधायी का सरस वर्णन करते हुए, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भागवत आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने श्रोताओं को बताया कि, श्रीमद् भागवत मनुष्यों को भागवत पारायण बनाने के लिए एक सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। भागवत की कथा में अपने अस्तित्व से मिलने की एक नियति छिपी हुई है, जैसे छोटे से बी के अंदर एक अंकुरण छिपा हुआ रहता है। भागवत की नियति ब्रह्म होना है, यह परम चेतना को जागृत करने वाली दिव्य तरंग है। कथा श्रवण करने से विषैली बुद्धि का नाश होता है, और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

आचार्य ने बताया कि, इसी भागवत कथा रूपी सत्कर्म को करने से, भक्ति देवी के दोनों बेटे ज्ञान और वैराग्य की जरावस्था दूर हुई थी। भयानक प्रेत योनि में पड़ा हुआ धुंधकारी जिसे गया जी में श्राद्ध करने के बाद भी प्रेतत्व से मुक्ति नहीं मिली, किंतु श्रीमद् भागवत कथा सत्कर्म करने से उसे सद्गति मिली। राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि ने श्राप दिया, की सातवें दिन तक्षक नाग के डस देने से तुम्हारी मृत्यु होगी, ऐसे राजा परीक्षित को भी भागवत रूपी सत्कर्म के आश्रय लेने से भगवान की शरणागति मिली थी। इस कलयुग में जीवों के काल रूपी सर्प के मुख का ग्रास होने के त्रास को नाश करने शास्त्र ही है, इसे पंचम वेद भी कहा गया है। भागवत देव दुर्लभ भी है, किंतु मनुष्यों के जन्म जन्मांतर के पुण्य अर्जित होने पर परम सौभाग्य बस भागवत प्राप्त होता है। भागवत पुरुषार्थ का ही नहीं यह सौभाग्य का विषय है।

प्रथम दिन श्रीमद् भागवत कथा श्रोताओं को, कथा अमृत श्रवण के साथ, मधुर संकीर्तन एवं जीवंत झांकियां का दर्शन प्राप्त हुआ, श्रोताओं के लिए यज्ञ स्थल पर भंडारा की व्यवस्था की गई है। भागवत कथा महोत्सव केआयोजक श्रीमती सीमा विनीत राठौर, एवं श्रीमती राजेश्वरी सुनीत राठौर द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने की अपील की गई है।

# जुआ खेलने वाले 12 जुआरियों को पकड़ने में मिली सफलता

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



जुआ खेलने वाले 12 जुआरियों को पकड़ने में मिली सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रउढढ चाम्पा यदुमणि सिदार के मार्ग दर्शन में 08 दिसंबर 24 को मुखबिर सूचना मिला कि थाना चांपा क्षेत्र के हनुमान धारा में कुछ लोग रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खूंटे के नेतृत्व में निरीक्षक डॉ. नरेश पटेल थाना चांपा प्रभारी एवं सायबर टीम प्रभारी पारस पटेल की संयुक्त टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर 12 जुवाड़ीयानो को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया।

आरोपियों के नाम पता- विक्रम दास निवासी बिरगहनी चौक बिरगहनी चांपा, लक्ष्मीदास महंत निवासी भोजपुर भाठापारा चाम्पा,मनीष हन्सेलिया निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास जांजगीर, उमाशंकर यादव निवासी शारदा मंगलम के पीछे, जांजगीर, फैजल खान निवासी तहसील रोड चांपा, शैलेश देवांगन निवासी बेरियर चौक चांपा, सुशील बरेठ निवासी सुकली थाना जांजगीर, आकाश सहिस निवासी बेरियर चौक चांपा, इरशाद अहमद निवासी मस्जिद मोहल्ला चापा, दंगेश्वर देवांगन निवासी संजय नगर चांपा, सतीश यादव निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पास जांजगीर, विकास पात्रे निवासी लछनपुर थाना जांजगीर जुआ खेलते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त जुआ रेड के कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खूटे, डॉ. नरेश पटेल थाना प्रभारी चांपा, साइबर सेल प्रभारी पारस पटेल, विवेक कुमार सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, शहबाज अहमद, अर्जुन यादव, विशाल सिंह का सराहनीय योगदान रहा

# एसईसीएल अपने संचालन क्षेत्रों को 100 दिन में करेगी टीबी मुक्त

**कोरबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, के दिशा-निर्देशन में देश-भर में 100 दिन के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत एसईसीएल मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों में 100 दिन के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। अभियान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत भारत में तपेदिक (टीबी) अधिसूचना और मृत्यु दर की चुनौतियों को संबोधित करके टीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह अभियान देश भर में टीबी परिणामों को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए बनाया गया है।अभियान का उद्देश्य निदान और उपचार आरंभ में होने वाली देरी को कम करने के लिए उन्नत जांच और नैदानिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके गहन केस फाईंडिंग अभियान के माध्यम से केस का पता लगाना है।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 10 दिसम्बर को नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलखन में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने धान खरीदी कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने धान को भीगने से बचाने के लिए तिरपाल से ढकने, ड्रेनेज की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं करने सहित धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के लिए छाया, बिजली, पेयजल, शौचालय और बुनियादी सुविधाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी संबंधित विभागों को विविध कार्यक्रम आयोजित करने कहा। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को जल जीवन मिशन के तहत तैयार पानी टंकियों को लोकार्पण कर ग्राम पंचायत को सौपने का निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आय जाति प्रमाण पत्र में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत नए किसानों का पंजीयन करने में विशेष प्रगति लाने कहा। कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने बैठक में लंबित अनुकंपा नियुक्ति, डायवर्सन के प्रकरण, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य, उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, पीएम जन आरोग्य योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, पीएम विश्वकर्मा, महतारी वंदन योजना, केसीसी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, डीएफओ प्रियंका पांडेय, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर में वर्तमान दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित सदस्य, आवेदक को भृत्य के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जानी है। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित दावा आपत्ति 14 दिसम्बर 2024 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर में आमंत्रित किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्व.श्रीमती अहिल्या बाई चन्द्रा, भृत्य, शा. महामाया उ.मा.वि. पामगढ़ के पुत्र श्री परमेश्वर की अनुकंपा नियुक्ति किया जाना है। अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो 14 दिसम्बर 2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# रेत माफिया बेखौफः हसदेव नदी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध उत्खनन

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



खनिज कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में केवल पांच रेत घाट (घुठिया, लछनपुर, बरबसपुर, चांपा, नवागांव) को ही वैध घोषित किया गया है, वहीं हसदेव नदी के केवा और भादा घाटों पर अवैध रेत उत्खनन का खेल खुलेआम जारी है। खनिज विभाग की कार्रवाई से बचते हुए रेत माफिया जेसीबी और दर्जनभर ट्रैक्टरों की मदद से नदी से रेत निकाल रहे हैं और जगह-जगह डंप कर रहे हैं।

**रेत माफिया बेखौफ, प्रशासन मौन :** रेत माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में और तड़के सुबह बड़ी मात्रा में रेत की सप्लाई की जा रही है। 8 दिसंबर को जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो दो-तीन जेसीबी और दर्जन भर ट्रैक्टर नदी में रेत लोड करते पकड़े गए। जैसे ही कैमरे से वीडियो शूटिंग शुरू हुई, माफिया के लोग जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर भाग खड़े हुए।

**खनिज अफसरों की भूमिका संदिग्ध :** प्रश्न उठता है कि जब खनिज विभाग अन्य रेत माफियाओं पर कार्रवाई कर रहा है, तो केवा-भादा घाटों के माफियाओं को अभयदान क्यों दिया गया है? क्या खनिज अफसरों की इस चुप्पी के पीछे व्यक्तिगत लाभ छिपा है, या फिर विभाग की मिलीभगत?

**जनता की मांग कार्रवाई हो पारदर्शी :** खनिज अफसरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जिला प्रशासन से केवा, भादा गांव के लोग मांग कर रहे है कि रेत माफियाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन कब और कैसे इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाता है।

# हरित और प्रदूषण मुक्त कोरबा बनाने का है लक्ष्य, सबको लेनी होगी जिम्मेदारी : आशुतोष

दबंग दुनिया ♦ कोरबा



नगर पालिका निगम, कोरबा के आयुक्त आशुतोष पांडे सोमवार को प्रेस से मिलिये कार्यक्रम में शामिल होने टीपी नगर स्थित तिलक भवन पहुंचे। इस दौरान वह जिले के पत्रकारों रूबरू हुए और कोरबा शहर के विकास को लेकर अपना विजन व रोडमैप सामने रखा। यह भी कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आईएएस अवार्ड होने की खुशखबरी भी कोरबा की धरती पर ही प्राप्त हुई। इसलिए कोरबा जिला सदैव खास रहेगा। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे अपने अनुभव साझा करते हुए यह बताया कि 2008 में वह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बने। इसके पहले वह पत्रकार के तौर पर सक्रिय पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए थे। गुरु घसीदास विश्वविद्यालय से जनसंपर्क व पत्रकारिता में डिग्री लेने के बाद राष्ट्रीय अखबार से पत्रकारिता के करियर की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमेशा मुझे लगता था कि कभी भी अपने सभी सेब एक बक्से में मत रखो। 2008 में मुझे एक रास्ता तय करना था। उस समय मीडिया जगत प्रिंट से इलेट्रॉनिक में शिफ्ट हो रही थी। सनसनी और सबसे तेज खबर देने का दौर था।

जब पत्रकारिता की नौकरी के लिए इंटरव्यू दिया। तब ऐसे सवाल पूछे गए जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के थे। आमतौर पर छत्तीसगढ़ के एक लड़के के पास इन सब सवालों का जवाब नहीं होता, लेकिन चुंकि मैं सिविल सेवा की तैयारी कर रहा था। इसलिए उन सभी सवालों के जवाब दे पाया। इंटरव्यू लेने वाले अधिकारियों ने कहा कि अब वह सब भूल जाओ काम सुबह 9:00 बजे शुरू हो जाएगा। रात के 3:00 बजे तुम घर जा पाओगे और ?6000 महीने की तनख्वाह मिलेगी। काम कर पाओगे, मैंने हामी भरी और काम शुरू किया। जब मेरा प्री क्लियर हो गया तब दिवाकर मुक्तिबोध ने मुझे सलाह दी कि तुम्हें ईश्वर में एक अवसर दिया है। इसका उपयोग करो। इसके बाद मेरा मेंस क्लियर हुआ और मैं अधिकारी बन गया। जीवन में ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो आपको सही समय पर सही सलाह दें। उन्होंने मुझे यह भी कहा था कि यदि सिविल सेवा में असफल हो जाओगे, तब भी संस्थान के दरवाजे तुम्हारे लिए हमेशा खुले रहेंगे। किसी प्राइवेट संस्था में ऐसा आश्वासन मिलन तब काफी बड़ी बात हुआ करती थी। जब मेरा सिलेक्शन हुआ, वापस उनके पास गया तब मेरी आंखें नम थी। सरकारी व्यवस्था आने के बाद असरकारी हो पाना बड़ा मुश्किल हो जाता है। खुद को बंधन में रखना पड़ता है, सभी बातें हम जाहिर नहीं कर सकते। बड़ा ही व्यवस्थित रहना पड़ता है। आप खुलकर अपने विचार कहीं भी व्यक्त नहीं कर सकते। हम सारा काम प्रतिनिधियों के आदेश और निर्देश पर करते हैं। किसी भी सरकारी अधिकारी को यह बात कभी नहीं भूलनी चाहिए।

नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अधिकारी फेडरेशन के सबसे युवा उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि इसमें भी कई तरह के काम किये। सिस्टम को रेगुलेट कराया, सीआर सिस्टम को ऑनलाइन कराया। अपने हॉबी का भी ध्यान रखा। एवरेस्ट कैंप भी कर चुका हूं, मैराथन में भी भाग लिया है। धर्मपत्नी कामना भी अधिकारी हैं। शहर के पाटीदार भवन में ही शादी हुई थी। यहां के कई पार्षद उनके बैचमेट रह चुके हैं। इसलिए कोरबा से अधिक लगाव भी है।

प्रशासनिक अनुभव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि रायगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। जब वहां गया तो देखा कि किसी की सैलरी रोकी जा रही है।

# भगवान बद्रीनाथ जी के धाम की महिमा : आचार्य अंशुमान मिश्रा



दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा

चांपा निवासी शिवकुमार तिवारी के घर चल रहे श्रीमद भागवत कथा में कल भगवान बद्रीनाथ जी की महिमा बताई गयी जिसमे आचार्य अंशुमान मिश्रा जी द्वारा बताया गया की एक समय जब एक असुर जो की बड़ा ही अत्याचार करता था और उसे यह वरदान था की कोई भी भगवान शिव के मंत्र को करोड़ों की संख्या में जप किया हो वही उसका संघार कर सकते है। समस्त देवताओं के प्रार्थना पर भगवान उस असुर को मारने का विचार कर रहे थे उसी समय सोचें की किसी भी मंत्र का जप करना हो तो नर नारायण पर्वत के मध्य करने से उसकी संख्या 10 हजार गुना हो जाता है अतः कम समय में अधिक जप हेतु भगवान उसी बर्फ पर्वत पर तप करने बैठे तभी ठंडी वातावरण के कारण भगवान नारायन जी का शरीर काला होने लगा तभी माता लक्ष्मी जी बदरी (बेर) के वृक्ष के रुप में छाया करने के लिए प्रकट हुए अतः बदरी रूपी माता जी के नाथ इसीलिए भगवान जी का नाम बद्रीनाथ प्रख्यात हुआ। कथा में छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष एवं शक्ति विधायक चरणदास महंत जी एवं चाम्पा के प्रतिष्ठीत व्यक्ति मोतीलाल देवांगन जी ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया।

Scanned with OKEN Scanner

# कबड्डी हमारी परम्परागत खेल का अहम हिस्सा : शिवरतन शर्मा

**दबंग दुनिया ♦ भाटापारा**



कबड्डी हमारी परम्परागत खेल का अहम हिस्सा है। सदियों से देश में कबड्डी को खेल में अहम स्थान भी हासिल है। सार्क देश की टीम एशिया स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भारत अजेय टीम है। यह बाते भाटापारा विधानसभा के बीजराडीह गांव में स्वर्गीय फेकूराम ध्रुव जी एवं स्वर्गीय सुरेश ध्रुव जी की स्मृति में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में मुख्य आसंदी से प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कही।

शिवरतन शर्मा ने इस दौरान खेल में शामिल होने आए सभी खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं दी। साथ ही खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें क्रिकेट हाकी और फुटबाल की दुनिया में कबडड्डी खेल को फलते फूलते देखकर बहुत खुशी होती है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत की पहचान दुनियां में सदियों से मेहनतकश के रूप में रही है। यह पहचान आज भी कायम है। इसका श्रेय हमारी परम्परागत खेलों को भी जाता है। इसमें से एक खेल कबड्डी भी है। आज भी गांव और शहर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह हमारी मनोरंजन परम्परा में सदियों से शामिल है। शिवरतन शर्मा ने कहा की कबड्डी प्रतियोगिता में बल,चतुरता और फुर्तिलापन को विशेष स्थान हासिल है। और यह भी सब जानते हैं इन तीनों गुणों का मानव जीवन में अहम स्थान है। खुद स्वामी विवेकानन्द कबडूडी के अच्छे खिलाड़ी हुआ करते थे। शर्मा ने बताया हमें बताने में खुशी है। दक्षिण एशिया में सार्क देशों के बीच कबडूडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। एशियन गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो चुका है। जहां सार्क देशों में भारत हमेंशा से कबड्डी चैम्पीयन है। वहीं एशियन गेम्स में भारत को कबड्डी प्रतियोगिता में विशेष स्थान हासिल है। उन्होने कहा आज कोरिया चीन और जापान भी कबडूडी को प्राथमिक खेल कैलेन्डर में शामिल किया है। इसकी मुख्य वजह इस खेल की गति और सोचने समझने की क्षमता को जाता है। शिवरतन शर्मा ने बताया की हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा खेल,खिलाड़ी और परम्पराओं की पोषक रही है। छत्तीसगढ के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कबड्डी में नेतृत्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक सौर्द्धता को बल मिलता है। सदियों से कबड्डी का हमारी खेल संस्कृति में विशेष स्थान हासिल है। उम्मीद है यह परम्परा कायम रहेगी।

उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, टेकसिंह ध्रुव, भेषकुमार ध्रुव, राजेन्द्र यदु, शिवचरण, अश्वनी, यशवंत खुसरो, रवि,महेन्द्र, चेतन, देवनाथ, रामलाल, संतु ध्रुव, भुवन, देवेंद्र, सोहन, बेदराम, भागवत, संजय, दुलेश, किशुन, गोलू, राजकुमार ,हेमाराम, रोहित, नरसिंह, अरुण,कामता, पवन, जेठू,शंकर, परस, खम्हन,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**दबंग दुनिया ♦ लवन**

रविवार 8 दिसम्बर को जिला मुख्यालय के जिला न्यायालय बलौदा बाजार में छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा बलौदा बाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण तथा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राजेश कुमार निषाद प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ न्यायिक लघु वेतन कर्मचारी संघ, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार पाण्डेय प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय बलौदा बाजार,अध्यक्षता आशुतोष शर्मा अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ रायपुर एवं समस्त प्रांतीय बॉडी के सदस्य ने उपस्थित हो कर जिला न्यायालय बलौदा बाजार के निर्वाचित न्यायिक चतुर्थ श्रेणी संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह, सचिव शेख जुनैद, सह सचिव तिजेन्द्र बाघ, शिव कुमार साहू, उपाध्यक्ष सतीश कुमार साहू,कोषाध्यक्ष रामेश्वर सिंह संरक्षक कमल नारायण ध्रुव, संतोष यादव एवं सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें बलौदा बाजार जिले के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अलावा महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर, जांजगीर चांपा, धमतरी, रायपुर, रामानुजगंज के अध्यक्ष/प्रतिनिधि ने उपस्थित हो कर शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

## बीजेपी संगठन मंत्री अजय जामवाल से मिले कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष, योजना का नाम यथावत रखने की मांग



**दबंग दुनिया ♦ पलारी**

डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदलने से नाराज कुर्मी समाज ने अपनी भावनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री अजय जामवाल से मुलाकात की। इस दौरान कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने जामवाल को समाज की भावनाओं से अवगत कराते हुए मांग की कि योजना का नाम यथावत रखा जाए।

**खोडस राम कश्यप ने रखी समाज की बात :** केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने अजय जामवाल से कहा कि डॉ.खूबचंद बघेल कुर्मी समाज के आदर्श हैं,और उनके नाम पर शुरू की गई योजना समाज के लिए सम्मान का विषय है। नाम बदलना न केवल समाज का अपमान है, बल्कि यह समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को भी ठेस पहुंचाने वाला है।

**अजय जामवाल का आश्वासन :** अजय जामवाल ने समाज की बात को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को पार्टी और सरकार के स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से चर्चा कर जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

**समाज की आंदोलन की तैयारी :** अगर सरकार ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की तो कुर्मी समाज ने विधानसभा घेराव की चेतावनी दी है। समाज ने कहा है कि वे इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

प्रतिनिधि मंडल में ये सदस्य रहे शामिल : इस मुलाकात में समाज के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, राजप्रधान रामखिलवन वर्मा, जागेश्वर वर्मा (रायपुर) और भूपेंद्र वर्मा (केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य) भी शामिल थे।

यह देखना होगा कि सरकार समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस विवाद को कैसे हल करती है।

## वेदप्रकाश विश्वकर्मा बने झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी



**सारंगढ़- बिलाईगढ़।** बैठक के पूर्व विश्वकर्मा भगवान के छाया चित्र पर पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया छत्तीसगढ़ झेरिया विश्वकर्मा समाज ग्राम रसनी आरंग में एकदिवसीय त्रिमासिक बैठक का आयोजन दिनांक 08/12/2024 दिन रविवार को संपन्न हुआ जिसमें विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री धनीराम विश्वकर्मा ने कहा सभी पदाधिकारि को सामाजिक कार्य और को समाज को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए यहां सभी विषयों पर विस्तार पूर्व चर्चा जिसके बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोहार विश्वकर्मा समाज पदाधिकारीयों की उपस्थित में नवनियुक्त पदाधिकारी का चयन किए हैं जिसमें जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से वेदप्रकाश विश्वकर्मा को प्रदेश झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया वही वेदप्रकाश विश्वकर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष श्री धनीराम विश्वकर्मा के प्रति अभार व्यक्त किया और साथ मे समाज द्वारा मुझे जो भी दायत्व दिया गया उसे मैं निष्ठा पूर्व निभाऊंगा वही इस कार्यक्रम बलौदाबाजार जिला टुंडरा परिक्षेत्र से सरजू प्रसाद विश्वकर्मा परिक्षेत्र अध्यक्ष, रामाधार विश्वकर्मा प्रदेश महामंत्र, चंदराम विश्वकर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, शिवकुमार विश्वकर्मा प्रदेश प्रचार मंत्री, सारंगढ़, बिलाईगढ़ जिले से हेतराम विश्वकर्मा प्रदेश महामंत्री, शिवकुमार प्रदेश सह सचिव, गणेश विश्वकर्मा प्रदेश प्रचार मंत्री माधो प्रसाद विश्वकर्मा, शेषनारायण विश्वकर्मा, हीरालाल विश्वकर्मा, रोहित विश्वकर्मा साहित विश्वकर्मा समाज के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# जिले को मिलेगी अपने सबसे बड़ी ऑडिटोरियम की सौगात

■ 1000 सीटर पूर्णतः वातानुकूलित से लैस

**दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार**




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मंगलवार 10 दिसम्बर को सोनाखान की पवित्र भूमि से जिला मुख्यालय में निर्मित 1000 सीटर जिला ऑडिटोरियम का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे।

नगर के रायपुर रोड पर स्थित अम्बेडकर चैक के पास बने आडिटोरियम शहर की एक नयी पहचान होगी। जो अब सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रमुख स्थल होगा। उक्त आडिटोरियम जिलेंवासियों की महत्वपूर्ण मांगों में शामिल थे। उक्त आडोटोरियम में एक हजार लोगों की बैठने की क्षमता होगी। जो कि पूर्णतः वाताअनुकुलित होगी। इसके अतिरिक्त आडोटोरियम में 2 वीआईपी कक्ष, डायनिंग हॉल सहित फायर फाईटिंग सिस्टम से लैस है। जिसका उपयोग जिलावासी एवं सामाजिक संगठन आने वाले समय में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उपयोग कर सकते है। इसकी सुन्दरता को बढ़ाने के लिए बाउण्ड्रीवाल भी अलग से बनाई जा रही है। जो कि मेंटेनेस आधारित होगी। उक्त स्थल में पार्किंग भी समुचित व्यवस्था रहेगी। आडिटोरियम के सुचारू संचालन एवं रख रखाव के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने एसडीएम बलौदाबाजार को समिति बनाने का निर्देश दिया है। आडिटोरियम का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला खनिज न्यास की मदद से लगभग 6 करोड 36 लाख 72 हजार रुपए से किया गया है।

# नकली नोट छापने वाले गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ लवन**




07.12.2024 को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि लवन नगर में कुछ लोग जाली नोट लेकर आए हैं तथा उसे लवन मार्केट एरिया में खपाने वाले हैं। कि सूचना पर पुलिस ने बिना देरी किये नगर पंचायत लवन के लवन बाजार, जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर* दो आरोपियों को जाली नोट के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों का विधिवत तलाशी लेने पर क्रमशः 500, 200 एवं 100 के नोट सहित कुल ?6400 नकली नोट दोनों आरोपियों से बरामद किया गया। कि प्रकरण में थाना लवन में अपराध क्रमांक 519/2024 धारा 178,180, 181,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें दोनों आरोपियों द्वारा अपने एक अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर पूरी योजनाबध्द तरीके से एक रंगीन प्रिंटर मशीन खरीदना एवं उस मशीन एवं प्रिंटर पेपर का उपयोग करते हुए 100, 200 एवं 500 रुपए के नकली नोट छापना बताया गया।

प्रकरण में इन दोनों के अलावा तीसरा आरोपी भी शामिल है, जो कि इन्हीं की तरह नकली नोट खपाने के लिए कहीं निकला हुआ है, जिसकी पता तलाश जारी है। आरोपियों से पूछताछ पर यह भी पता चला कि यह लोग नोट छापने का प्रिंटिंग मशीन, प्रिंटिंग कागज पेपर एवं उसमें प्रिंट किया गया बहुत सारा नकली नोट को, विनायक नगर भाठागांव रायपुर स्थित अपने किराए के मकान में रखा गया है, जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उक्त मकान में दबिश देकर ?2,26,000 का नकली नोट, इसे छापने में इस्तेमाल प्रिंटर मशीन एवं प्रिंटर कागज बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा संपूर्ण कार्यवाही में आरोपियों से कुल 2,32,400 रुपए का नकली नोट बरामद किया गया है। मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाश की जा रही है तथा प्रकरण विवेचना में है। कि प्रकरण में गिरफ्तार दोनों आरोपी भुवन साहू और तुषार साहू को आज दिनांक 08.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गए जहां से न्यायिक हिरासत में दोनों आरोपियों को जेल बलौदाबाजार दाखिल किये गए।

### आरोपियों के नाम

1. भुवन साहू उर्फ. भूपेश उम्र 25 साल निवासी वार्ड क्रमांक 07 लवन थाना लवन
2. तुषाल साहू उर्फ. सोनू उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक 07 लवन थाना लवन

## ग्राम ढाबाडीह का हरीश साहू बना अग्निवीर, ग्रामवासियों ने जताया हर्ष



**दबंग दुनिया ♦ भाटापारा**

देश सेवा के लिये अग्निवीर के ट्रेनिंग से होकर अपने गृह ग्राम ढाबाडीह पहुचने पर हरीश साहू का उनके परिवार जनो व ग्रामवासियों ने भाटापारा के रेल्वे स्टेशन मे बाजे गाजे व पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया वही देशभक्ति नारे भी लगे उनके पिता मनहर साहू व माता किरण साहू इस गौरान्वित पल मे भावुक हो गये उनके चयन पर बधाई देने वाले शुभचिंतकों का ताता भी लगा रहा वही हरिश तीन भाईयों मे बडा है उनके भाई सुशील साहू व लोमश ने अपने भाई के चयन पर हर्ष जताया।

## मुख्यमंत्री आज जिले को देंगे विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 10 दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इस दौरान वह जिले के 192 करोड़ 8 लाख 69 हजार रूपए के 242 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगें। जिसमें कुल 35 करोड़ 56 लाख 78 हजार रूपए के 121 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 156 करोड़ 51 लाख 91 हजार रूपए के 121 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही 10 हितग्राहियों को पीएम आवास ग्रामीण की चॉबी, पीएम जनमन आदर्श पंचायत बल्दाकछार एवं औवरांई का सम्मान, आदिवासी समाज के युवा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया जायेगा।



## किसान का पुत्र साहिल वर्मा बना अग्निवीर, घर आगमन पर ग्रामवासियों ने किया स्वागत

**दबंग दुनिया ♦ पलारी**



पलारी ब्लाक के ग्राम जर्वे के किसान स्वर्गीय नरेश वर्मा के पुत्र साहिल वर्मा का अग्निवीर बनने के बाद प्रथम गांव आगमन पर सामाजिक जन एवं ग्रामवासियों ने की आत्मीयता के साथ स्वागत।

साहिल बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है । और उनका लक्ष्य सैनिक बनकर देश सेवा करने का था। साहिल के माता जनपद सदस्य टिकेश्वरी वर्मा का कहना हैं कि साहिल का पिताजी स्वर्गीय नरेश वर्मा की इच्छा था की बेटा बडा होकर देश की सेवा करे. इस इच्छा को साहिल अपने पिताजी के अनुसार बचपन से ही सैनिक बनने की इच्छा रखते थे। और आज जब साहिल अग्निवीर बनकर घर पहुंचे तो उनके माता की सीना गर्व से ऊंचा हो गया।

साहिल की आने की खबर जब आस पास लोगों को पड़े तो सामाजिक जन एवं जन प्रतिनिधियों सहित अंचल के लोग बधाई देने उमड़ पड़े। अग्निवीर साहिल का स्वागत मुख्य मार्ग संडी बंगला से लेकर गांव तक ग्रामवासियों ने देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत सत्कार करते हुए ग्राम जर्वे लाए और बधाई दी।

सरपंच मुन्नी ओपी वर्मा नेतराम साहू परस राम वर्मा बड़े मां रामबती वर्मा नाना नरेंद्र वर्मा, नानी खेमिन वर्मा , मौसी सीमा वर्मा , मौसा शोणित वर्मा , साहिल वर्मा का बड़ा भैया सागर वर्मा , दीदी प्रतिमा वर्मा ईश्वर चंद्रव जेडी कोसले तरूण वर्मा महेश चंद्रवंशी सरोज वर्मा वर्षा हिरवानी कमला वर्मा भ इया राम कनौजे एवं भारी संख्या मे ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# सनातन सेना ने चंगाई सभाओं और धर्मांतरण के खिलाफ मोर्चा खोला

**दबंग दुनिया ♦ धमतरी**

रविवार के दिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रार्थना सभा के नाम पर खुलेआम धर्मांतरण का खेल खुलेआम चलता है जिसको लेकर सनातन सेना धमतरी ने आक्रोश व्यक्त किया और पचपेड़ी और गातापार में सनातन सेना के डाकेश्वर साहू के नेतृत्व में अवैध रूप से चल रहे धर्मांतरण को रोकने का अभियान चलाया गया।

डाकेश्वर साहू ने बताया कि जिस प्रकार विगत दिवस पोटियाडीह में धर्मांतरण के दबाव में आकर एक युवक ने अपने प्राणों की आहुति दे दी, जिससे उसके परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है । इसी प्रकार पूरे जिले दबाव पूर्ण तरीके से धर्मांतरण का खेल खुलेआम चल रहा है, जिसका हम सनातन सेना के सनातनी कड़ा विरोध करते हैं और हम यह बता दे कि ये चंगाई सभाओं और प्रार्थना सभा की आड़ में दबाव पूर्वक धर्मांतरण कराने वाले अपने जान, माल की सुरक्षा के स्वयं जिम्मेदार होंगे । इन अवैध सभाओं को बंद करने में प्रशासन अगर तत्काल कार्यवाही नहीं करती है तो हम अपने तरीके से इनको इनका सही मार्ग दिखाएंगे ।डाकेश्वर साहू ने सनातन समाज की ओर से धर्मान्तरण करवाने वाले सभी लोगों को खुली चुनौती दी और कहा कि यदि हमारे सनातनी भाई बहनों बरगलाने, भड़काने, लालच देकर धर्मान्तरित करना बंद नहीं किया तो आने वाले समय में उनको बहुत ही बुरे परिणाम से गुजरना होगा। धर्मांतरण करवाने वाले फर्जी क्रिप्टो क्रिश्चियन प्रार्थना सभा और चंगाई सभा लगाकर मासूम निम्न आय वर्ग के हिन्दू भाइयों और बहनों को सनातन धर्म से दूर कर अपना मतलब साध रहे। जाती से हिन्दू और धर्म से क्रिप्टो क्रिश्चियन बनने वाले सभी लोगों को प्रशासन सरकारी सुविधाओं से मुक्त करे और उन्हें चिन्हांकित कर विधिवत बत्तीसमा करवा दे ,अन्यथा सनातन सेना किसी भी सूरत में ऐसे पाखण्ड करने वाले लोगों को समाज में बर्दाश्त नहीं करेगा। सनातन सेना सर्व हिन्दू समाज के उन युवाओं का समूह है जो सनातन धर्म की रक्षा के लिए तन मन धन सब समर्पित करके राष्ट्र रक्षा के लिए ततपर है।सनातन सेना के सभी सैनिक राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कोई भी समझौता नहीं करेगा। सनातन सेना के इस अभियान में अविनाश दुबे, गोपाल साहू, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, उमाशकर साहू, चंद्रकांत साहू, गौरव साहू, मिथलेश साहू, कृष्णकांत साहू, छोटू मॉल, वेदप्रकाश साहू, कुणाल साहू, लक्की साहू, तोषण साहू, सर्वन यादव, धर्मेन्द्र साहू, ओमशंकर साहू, होमेश्वर, बिट्टू ग्वालिनी, मोनू निर्मलकर, तुषार साहू, चित्रेश साहू, गौरव साहू, अनमोल साहू, पुलकित साहू, सत्यम सिन्हा, हिमांशु साहू , पुरुषोत्तम साहू, अमन साहू, आयुष पात्रे , अमित सोना, रितिक जगत, घासीराम साहू, एकनाथ साहू, अभिषेक साहू, महेश सिन्हा , अतुल गोस्वामी, देवेंद्र साहू, मनीष साहू, हेमन्त पटेल, निलेश साहू, कमलनारायण साहू, खुमान साहू, योगेश साहू, कोमल ओझा, कृष भारती, आशीष दीप, इंद्रसेन सोना, रोहित जगत, निक्कू, हितेश, शेखर सोना, प्रतीक सुंदरानी, रंजीत नागेश, पार्थ प्रजापति, हिकेंद्र प्रजापति, आशीष देवांगन, देवेंद्र ढीमर, पुष्पेंद्र साहू, डोमेंद्र सिन्हा, दक्ष, सिद्धु आर्यन, हर्ष यादव, मोहित राजपूत, धनुष यादव, सनत साहू, राहुल मेश्राम, मीनाक्ष सेंद्रे , भूपेन्द्र निर्मलकर, राहुल यादव, गौतम महिलांग, लतीश शर्मा आदि उपस्थित हुए।

## 22 दिसम्बर को संगीतमय सुंदरकांड समिति का मनाया जाएगा स्थापना दिवस, होगा अखंड 108 हनुमान चालीसा का पाठ

**दबंग दुनिया ♦ भाटापारा**



श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के 24वें स्थापना दिवस पर अखंड 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होने के लिए अग्रोहा राइसमिल में रखी गई बैठक । प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 22 दिसम्बर को श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम रुपरेखा तैयार की गयी । श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के स्थापना दिवस पर नगर के हृदय स्थल रामनाम सप्ताह मंडप मे नगर की समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ के द्वारा सुबह 8 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक 108 हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। ततपश्चात सुंदर कांड समिति के सदस्य के द्वारा भजनो की मधुर प्रस्तुति होगी जिसमें भक्तो को सराबोर होने का अवसर प्राप्त होगा । ये जानकारी समिति के संस्थापक राजेश उपाध्याय द्वारा दी गई ।

Scanned with OKEN Scanner

# नवोदय जीवन हरेक परिस्थिति से जूझना सिखाता है

दबंग दुनिया ◆ दंतेवाड़ा

जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर से 25 साल पहले वर्ष 1999 में पासआऊट हुए पहले बैच के छात्र-छात्राओं का जमावड़ा रविवार को फिर से इस विद्यालय में लगा। इस विद्यालय से पढ़ाई पूरी कर देश-विदेशों में अपना मुकाम हासिल कर चुके इस बैच के 16 ऐसे पूर्व छात्र-छात्राएं अपनी स्मृतियां ताजा करने यहां पहुंचे थे। किसी ने शुरूआती दौर में यहां हुई कठिनाईयों को याद किया, तो दीवार-खिड़कियों तक में अपनापन महसूस किया। किसी को अपनी और साथियों की शरारतें, मस्ती, पढ़ाई और शिक्षकों से मिली पनिशमेंट याद आई। इतने साल बाद अपने पुराने सहपाठियों को पाकर उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। सभी ने न सिर्फ अपनी पुरानी यादें ताजा किया, बल्कि वर्तमान बैच में पढ़ाई कर रहे बच्चों को नवोदय जीवन के महत्व और सफलता के सूत्र भी बताए। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, करमा नृत्य, आर्केस्ट्रा की संगीतमय प्रस्तुति दी। सुपर सीनियर्स ने बच्चों के साथ भोजन किया और क्रिकेट मैच भी खेला।

दरअसल पहले बैच के पासआऊट होने 25 वर्ष पूरे होने पर यह रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एलुमनी यानि पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया था। स्वागत उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बस्तर संभाग के पहले नवोदय विद्यालय की स्थापना 1992 में हुई थी। इसमें पढ़कर निकले छात्र-छात्रा देश-विदेश में अपनी प्रतिभा को लोहा मनवा रहे हैं। 1999 में पहले बैच के पास आऊट होने के 25 साल पूरे हो चुके हैं। अब हर साल 25 साल पूरे करने वाले बैच को क्रमशः आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम का रोचक ढंग से



संचालन एलुमनी मनोज गुप्ता ने व आभार प्रदर्शन विद्यालय के शिक्षक मंगलसिंह ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के पास आऊट व बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्ना, ट्रायबल विभाग की अवर सचिव अनिता मरकाम भी मौजूद रहीं।

शेषमणि दुबे, शिक्षक ने कहा कि नवोदय जीवन हर किसी को आसानी से नहीं मिलता। यह होता तो सिर्फ 7 वर्ष का है, लेकिन लेकिन पूरा जीवन नवोदय जीवनमय बनाना अद्भुत है। खुशमय बनाने हर साल यहां आता हूँ। 1993 में यहां कुछ नहीं, सिर्फ 4 शिक्षक थे। जो कष्ट झेला, आज हमारे जीवन की सफलता उसी वजह से है। जीवन मे जीत हासिल करना है, लेकिन किसी को दबाकर नहीं। बच्चे देश के प्रति कर्तव्यबोध याद रखें। अविनाश श्रीवास, सहायक आयुक्त आजाक विभाग महासमुंद ने कहा कि नवोदय जीवन उतना आसान नहीं। प्रिंसिपल भी एलुमनी। दंतेवाड़ा की पहचान देश भर में है। साक्षरता दर कम, लेकिन नवोदय तारे की तरह टिमटिमा रहा है। जो अपने को मिल रहा है, उस पर गर्व करना सीखें। जिम्मेदारी का अहसास करेंगे। आगे बढ़ना है तो 100 प्रतिशत देना है। यहां जो संघर्ष करेंगे, जो सीखेंगे, वो जीवन भर काम आएगा। नवोदय परिसर में जैसा हम बिना भेदभाव के रहते हैं, वो भावना समाज में भी ढालना है। शिक्षा से ही सामाजिक बदलाव आ सकता है। इसीलिए समय को नष्ट मत करिए। यह समय बाद में लौट कर नहीं आएगा।जगदलपुर से पहुंचे मुकेश दास ने अपनी हंसोड़ शैली में खूब हंसाया। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा मार खाने वालों में मेरा ही नाम आएगा। सुबह 5 बजे दौड़ते आते थे, सिर्फ तेंदू मिलता था। जंगल में हॉस्टल था। हमारे समय सुविधाएं नहीं थी। यहां पढ़ा हुआ बच्चा कभी भूखा नहीं रहेगा। बैंगलोर में सेवा दे रहे साफ्टवेयर इंजीनियर राजीव सेंगर ने इस स्कूल में अपने पीटी टीचर की इस बात का जिक्र किया कि कहीं संघर्ष की स्थिति आई तो नवोदय में पढ़ा हुआ बच्चा कहीं रुकेगा नहीं। पुरानी जगह पर आकर लगा, जैसे समय रूक गया है। आप लोग खुशकिस्मत हैं कि गुरुकुल वाला जीवन जी रहे हैं। बाहर लोग मोबाइल का स्क्रीन टाइम घटाने के लिए परेशान हैं। दुलेश्वर दानी ने कहा कि सभी साथियों ने किताबी ज्ञान से बाहर अपने जीवन का अनुभव शेयर किया। शिक्षकों की बातें ध्यान से सुनना चाहिए । समय को किस तरह से इस्तेमाल कर रहे, ये महत्वपूर्ण है। नवोदय से जन्म जन्मांतर का रिश्ता बन जाता है। पुणे से आये इंजीनियर व वोडाफोन एमडी अंटोनी थॉमस ने कहा कि लोग छोटी-मोटी कमियों की शिकायतें करते हैं। अपने जीवन में गौर से देखिए, जहां कष्ट होता है, वहां सीख मिलती है। नवोदय हमें आत्मविश्वास सिखाता है। जीवन में जब रेड कार्ड दिखे तो समझो कि ये भी अवसर है। गाड़ी में ब्रेक क्यों होता है? इसीलिए कि गाड़ी स्पीड चला सकें। फेलियर हमें सिखाता है। विद्याभूषण भूआर्य, डीजीएम, एनटीपीसी ने कहा कि नवोदय से ये न सीखें कि मुझे सिर्फ सरकारी नौकरी करना है। ये सीखें कि जीवन में जो तमन्ना है, उसे अभी पूरी करें। बाद में ये समय फिर नहीं मिलेगा। बाकी स्कूलों में आपको विद्या मिलती है, यहां जीवन विद्या सीखने को मिलती है। लीडरशिप से लेकर तमाम चीजें सीखें।

1999 बैच के किरणदेव नाग, कविता भेड़िया, अंजना कोर्राम ने भी संबोधित किया। अंत में बस्तर डिस्ट्रिक्ट एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने कहा कि जो पीढ़ियां पास आउट हो रही हैं, उनके लिए मंच दिलाने यह आयोजन किया गया है। नवोदय स्किल सीखने का मंच है।

## राज्यपाल रमेन डेका ने शहीद के परिजनों को किया सम्मानित



दबंग दुनिया ◆ कांकेर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राजभवन सभागार में राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के शहीद सिपाही गणेशराम की माता श्रीमती जागेश्वरी, शहीद सूबेदार मेजर हरीराम की पत्नी श्रीमती कुंती तारम और शहीद नायक मोतीराम की पत्नी श्रीमती पद्मावती आंचले को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा व्ही.एस.एम. (से.नि.) द्वारा जिले की वीर माता और वीर नारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

## प्रधानमंत्री आवास योजना : नोमिन बाई का कच्चा घर अब पक्के आवास में हुआ तब्दील

दबंग दुनिया ◆ कांकेर

प्रधानमंत्री आवास योजना से अब गांवों की भी तकदीर और तदबीर बदलने लगी है। कच्चे, टूटे-फूटे जीर्ण-शीर्ण घरों की जगह अब पक्के मकानों ने ले लिया है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना पक्का घर हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत कर सकें। ऐसे में गरीबों के लिए पक्के घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा कर रही है।

विकासखण्ड मुख्यालय दुर्गूकोंदल से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत तरहुल निवासी श्रीमती नोमिन बाई भी उनमें से एक हैं जिनके सपना हकीकत में तब्दील हो चुका है। जिस जगह पर कभी टूटी और दरारयुक्त दरारें, सीलन भरा आंगन और झोपड़ीनुमा छत हुआ करती थी, वहां पर आज पक्का मकान तैयार हो चुका है तथा इसके बनने से नोमिन बाई के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन भी आया है।



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत वर्ष 2018-19 में स्वीकृत हुआ था। स्वीकृत हुए आवास से लाभान्वित हितग्राही नोमिन बाई स्वयं के पक्का आवास होने से बेहद प्रसन्न एवं संतुष्ट हैं। अपने दुर्दिन को याद करते हुए श्रीमती नोमिन ने बताया कि पूर्व में एक कमरे के कच्चे मकान में निवासरत थे, जहाँ बरसात के दिनों में जीवन-यापन करने में अधिक कठिनाईओं का सामना करना पड़ता था। मिट्टी एवं खपरैल का घर होने के कारण बारिष के दिनों में पानी का टपकना, जमीन में नमी आ जाना, दीवारों में सीलन एवं कई अन्य प्रकार की समस्याएं होती थीं। श्रीमती नोमिन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से लाभ प्राप्त कर पक्का मकान बनने एवं परिवार सहित निवास करने से वे बेहद प्रसन्न एवं संतुष्ट हैं।

## तीन दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र

**कांकेर।** जिले के तीन दिव्यांगजनों को आज समाज कल्याण कार्यालय परिसर में श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कांकेर विकाससखण्ड के ग्राम कोकपुर निवासी 65 वर्षीय भागबली साहू और उनके बड़े भाई 67 वर्षीय रामप्रसाद साहू जो दोनों श्रवण बाधित हैं, उन्हें कान की मशीन प्रदान की गई। इसी तरह कांकेर श्रीरामनगर निवासी 74 वर्षीय हजारा बेगम को भी श्रवण यंत्र प्रदाय की गई। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए।

## गांजा बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान में 1.324 किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**कबीरधाम।** जिला कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) के निर्देश पर नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पंडरिया एवं साइबर सेल कबीरधाम की टीम ने नया बस स्टैंड पंडरिया में प्रभावी कार्रवाई कर बड़ी सफलता प्राप्त की।

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि शंकर कुर्रे पिता कुमार कुर्रे (उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11, मोतीपुर, थाना पंडरिया) नया बस स्टैंड के पीछे अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 1 किलो 324 ग्राम गांजा (कीमत ?13,000) और ?4,000 नकद राशि आरोपी के कब्जे से बरामद की गई। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और उसे माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई का संचालन पुलिस



अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। एसडीओपी बोड़ला श्री अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना पंडरिया प्रभारी एवं साइबर सेल कबीरधाम की टीम ने सराहनीय कार्य किया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला पुलिस यह संदेश देना चाहती है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को तुरंत दें। आपकी सतर्कता और सहयोग से नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## डीएमएफ की राशि बचाने वन विभाग को युवा कांग्रेस ने दिया निःशुल्क पौधा



**दंतेवाड़ा।** पार्क निर्माण जैसे स्थलों में घोटालों करने के बजाए ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं पहुँचाने में ध्यान दे प्रशासन भाजपा शासन के सत्ता में आते ही भ्ष्टाचार का खेल फिर से शुरू हो गया है। सत्ता को आए साल भर नही हुआ और डीएमएफ की राशि में बंदरबाट का खेल शुरू हो गया है। वन विभाग द्वारा बनाए जा रहे हर्बल गार्डन को देश का पहला ₹वन मन्दिर₹ बताया जा रहा है। लेकिन इसी मंदिर के नाम पर वन विभाग के अधिकारी बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम देने से भी बाज नहीं आ रहे। जिले में डीएमएफ की राशि का इस तरह बंदरबाँट किया जा रहा है कि आसानी से उपलब्ध होने वाले पौधों को भी दस गुना अधिक दर में खरीद कर मनमाफिक राशि निकाली जा रही है। इस मामले को लेकर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की टीम ने एक अनोखा प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष गणेश ने बताया कि कैसे डीएमएफ की राशि को बर्बाद किया जा रहा है। जिले के पैसों का इस तरह बंदरबाँट रोकने के लिए युवा कांग्रेस की टीम अपने साथ ₹वन मन्दिर₹ में लगने वाले तुलसी, गेंदा और आवला के पौधे साथ लेकर पहुँची ताकि वन विभाग को यह पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाए। ताकि भविष्य में उन्हें महगे दामों में पौधे ना खरीदना पड़े। वन विभाग का भांडा फूटने के बाद विभाग का कोई कर्मचारी हमसे पौधे लेने गेट तक नही पहुंचा और हमारे पहुंचने से पहले ही वहाँ ताला जड़ दिया गया। जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर को फोन पर सूचना भी दी कि युवा कांग्रेसीयो द्वारा पेड़ दान करने का कार्यक्रम रखा गया हैं पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नही मिला। मौके पर खड़े हो युवा कांग्रेस के साथियों ने नाराबाजी भी की पर वन विभाग के कान में जूं तक नही रेंगी। युंका जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने वन विभाग पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर डीएमएफ राशि का यह बंदरबाँट बंद नही किया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा और वन मंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष वरुण तामो, अरुण सोनानी, अंकित गावड़े, वसीम खान, राकेश सोनानी, राजकुमार नाग, अर्जुन ताती, पी राहुल, पंकज भारद्वाज, उमेश सिलावट, वैभव मालेकर, अंकुर वासुदेव, अन्यकार्यकर्ता मौजूद थे

## नाबालिग का अपहरण कर तमिलनाडु ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

**कबीरधाम।** जिला कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल अपराधों के प्रति संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में थाना तरेगांव जंगल पुलिस ने एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

प्रार्थी द्वारा थाना तरेगांव जंगल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। इस पर थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 23/2024, धारा 137(2) बीएनएस 06 एवं पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान टीम ने नाबालिग अपहृता को तमिलनाडु के ग्राम आठिकाड्डु, थाना वेलागोंडमपट्टी, जिला नमक्कल से बरामद किया।




मौके पर गवाहों की उपस्थिति में बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। महिला अधिकारी द्वारा पीड़िता से पुछताछ कराए गए बयान में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मुखराम धुर्वे (उम्र 19 वर्ष) ने उसे बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया और फिर तमिलनाडु ले जाकर उसे अपनी पत्नी बताकर मजदूरी कर रहा था।

इस आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 64(2)(एफ), 64(2)(एम) बीएनएस 06 एवं पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

इस सफलता में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बोड़ला श्री अखिलेश कौशिक एवं डीएसपी मुख्यालय श्रीमती मोनिका परिहार के मार्गदर्शन में थाना तरेगांव जंगल से गठित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा। इस टीम में सउनि बोनफास मिंज, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र बंजारे, रिखी मरकाम और महिला आरक्षक गुमिता साहू ने कुशलता एवं तत्परता से कार्य करते हुए प्रकरण को सुलझाया।

जिला पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि महिला एवं बाल अपराधों में त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। जिला पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि ऐसे मामलों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। आपकी सतर्कता से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## 'हमर पुलिस हमर बजार' एवं 'हमर पुलिस हमर गांव' अभियान के माध्यम से आमजनों को किया जा रहा जागरूक

**बेमेतरा।** पुलिस चौकी मारो स्टाफ के द्वारा शासकीय हाई स्कुल तेन्दुभांठ में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो, साइबर फ्राड व अन्य अपराधों के संबंध में किया गया जागरूक। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भा.पु.से.,के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान की शुरूआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कुल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में दिनांक 07.12.2024 को



हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री एवं अन्य स्टाफ के द्वारा शासकीय हाई स्कुल तेन्दुभांठ में छात्र-छात्राओं को शिक्षक/शिक्षिकाओं की उपस्थिति में नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो, साइबर फ्राड व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। बालिकाओं/महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के संबंध में बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साइबर अपराध, फजीकॉल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

## राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में किरंदुल की रितिका वेट्टी ने जीता स्वर्ण पदक एवं दिवाकर प्रियांशु ने जीता सिल्वर मेडल

दबंग दुनिया ◆ किरंदुल

डी ए वी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का भव्य उद्घाटन ध्यानचंद स्टेडियम नई दिल्ली में संपन्न हुआ इस आयोजन में 22 राज्यों के 20000 से अधिक एथलेटिक्स एवं कोच ने भाग लिया डीएवी के छात्र-छात्राओं ने दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 6 आयोजन स्थलों में 30 रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिता में तीन दिन तक प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ जिसमें डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल की पांचवी की छात्रा रितिका वेट्टी ने 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में 14 वर्ष की आयु बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर संपूर्ण दंतेवाड़ा को गौरवान्वित किया छात्र। ने इस दौड़ को महज 32.03 सेकंड में पूर्ण कर यह खिताब हासिल किया इसके अलावा चार गुना 100 मीटर रिले रेस में डीएवी किरंदुल की छात्रा सोनाक्षी ,दामिनी, लक्ष्मी, रितिका और लक्षित। चौथे स्थान पर रही, अंडर-19 चेस प्रतियोगिता में जानवी और कृतिक। राव ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी तरह बालक वर्ग में अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया विद्यालय के छात्र दिवाकर बैरागी एवं प्रियांशु निषाद इस टीम के हिस्सा थे जिन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रतियोगिता के दौरान दिया । चेस प्रतियोगिता 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में अंडर चार में रहे । अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता में दीक्षांत साहू, युसूफ दान ,योगेश तामों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा इसी तरह अंडर-19 बैडमिंटन प्रतियोगिता में त्रिशांत तारम का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा




बच्चों के साथ इस टीम में विद्यालय की खेलकूद शिक्षक श्री मनोज सिंह शिक्षिका श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव ,शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा, शिक्षिका अर्चना बघेल टीम के साथ थे। विद्यालय के प्राचार्य श्री पी एल वर्मा एवं शिक्षकों ने छात्रों के इस सफलता पर छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

## बेघरों का बसेरा

कोई भी ऋतु हो, जब भी मौसम का चरम नजर आता है गरीब को इससे मार खानी पड़ती है। जब ठंड आती है तो शीतलहर से गरीब मरता है। बारिश होती है तो निचले इलाके में रहने वाले गरीब बाढ़ का शिकार होते हैं। गर्मी होती है तो वे लू से मारे जाते हैं। साधनविहीन लोग ही मौसम के चरम का शिकार होते हैं। कायदे से मौसम नहीं, गरीबी मारती है। लेकिन सवाल उठता है कि जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्या सत्ताधीशों का दायित्व नहीं बनता कि वे राजनीतिक तमाशों से इतर अपनी जनता का ध्यान रखें? एक समय था कि राजा-महाराजा अपनी प्रजा का खुद ख्याल रखते थे। चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था होती थी। संवेदनशील राजा बाकायदा वेष बदलकर प्रजा के दुख-दर्द जानने निकलते थे। लेकिन ज्यों-ज्यों लोकतंत्र शिक्षित-विकसित होता गया, सत्ताधीशों की संवेदनशीलता कुंद होती चली गई। तभी शीत ऋतु की दस्तक के साथ ही अदालतों को सरकारों को अपना मूलभूत दायित्व याद दिलाना पड़ता है। बीते वीरवार को भी देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली के शहरी आश्रय बोर्ड यानी डीएएसआईबी को तलब किया कि दिल्ली में फिलहाल कितने आश्रयगृह हैं और वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है। साथ ही आंकड़ा देने को कहा कि कितने लोग ऐसे हैं जिन्हें आश्रय की जरूरत है। निश्चित रूप से कड़ाके की ठंड में बीमार, लावारिस और मानसिक रूप से परेशान लोगों को संरक्षण देना प्रथम मानवीय कर्तव्य है। वैसे, अदालत की यह बात तो दिल्ली को लेकर है, लेकिन ऐसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। कहने को तो राज्यों में स्थानीय निकाय भी रैन बसेरे तैयार करते हैं। लेकिन वे न तो पर्याप्त होते हैं और न ही उनमें पूरी सुविधाएं होती है। रैन बसेरे बना भी लिए जाएं तो वहां सफाई का खास ध्यान नहीं रखा जाता। नशेड़ियों और अपराधियों की सक्रियता से बेसहारा लोग यहां आने से कतराते हैं। निश्चित रूप से रेन बसेरे बनाया जाना सार्थक कदम है, लेकिन उनमें सुविधाओं, सुरक्षा और सफाई को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए। इन्हें गंदगी, अराजकता व असुरक्षा से बचाने के लिये स्वयं सेवी संगठनों की सक्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कायदे से ये दायित्व सरकारी एजेंसियों का होना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आता। दरअसल, केंद्र व राज्य सरकारों को निराश्रित लोगों के लिए मौसम के चरम आने पर एक स्थायी ढांचा उपलब्ध कराना चाहिए। जिसे तुरत-फुरत तैयार करके बेसहारा लोगों के लिये उपलब्ध कराया जाए। यूं तो देश में सामाजिक, व धार्मिक संगठन भी रेन बसेरा बनाते हैं,लेकिन यह सिर्फ खबरों की सुर्खियों में आने का जरिया मात्र नहीं होना चाहिए। यह सही मायनों में बेघरों का आश्रय होना चाहिए। साथ ही इनकी सुविधाओं की निगरानी निरंतर होनी चाहिए। दरअसल, इनके उद्घाटन समारोहों का जिस जोर-शोर से प्रचार किया जाता है, वैसा ध्यान इनके निरंतर सुचारु रूप से संचालन में नहीं होता। आज हर घर में ठंड से बचाव का अतिरिक्त सामान होता है। ऐसे ही हर व्यक्ति को मानवता के नाते जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।

## राजधर्म से तप

सप्तद्वीप नवखंड पर राज करने वाले राजराजेश्वर एक दिन अपने किशोर पुत्र को सत्ता सौंपकर वन चले गए। वे घोर तपस्या में लीन हो गए। वे एक समय फलाहार करते थे, लेकिन उन्हें आत्मिक शांति प्राप्त नहीं हुई। उन्हें समाचार मिलते रहते थे कि सेवकगण प्रजा का उत्पीड़न करते हैं। एक दिन राजराजेश्वर को खाने के लिए फल नहीं मिला। जब वे एक खलिहान के पास से गुजर रहे थे, तो खेत में एक किसान की दृष्टि उन पर पड़ी। किसान बोला, ह्यकिस वस्तु की तलाश में हो? भूख से व्याकुल हूं। किसान ने कहा, मेरी झोपड़ी में चूल्हा है। खिचड़ी पकाओ। दोनों खाकर भूख मिटाएंगे। राजराजेश्वर ने खिचड़ी पकाई और दोनों ने भरपेट भोजन किया। फिर वृक्ष की छाया में लेट गए। सपने में उन्होंने देखा कि एक विराट पुरुष उनसे कह रहा है, ह्यराजन, मैं कर्म हूं। इस सृष्टि का परम तत्व। तुम प्रजा का हित साधन करते हुए जो उच्च स्थिति प्राप्त कर सकते थे, वह वन में तपस्या से नहीं कर सके। अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करना ही सबसे बड़ा तप है। राजराजेश्वर का विवेक जाग उठा। वे वापस लौट आए और प्रजा के हित साधन में लग गए। **-अक्षिता तिवारी**

# रोजगार आंकड़ों के पीछे छिपे अंधेरे की हो पड़ताल

चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ दल हो या विपक्ष, उनके घोषणापत्रों में सबसे बड़ा मुद्दा यह होता है कि कौन अधिक से अधिक अनुकंपा योजनाएं ला सकता है। बेरोजगरी के आंकड़ों के बीच पूरे देश में कई सरकारी पद खाली पड़े हैं। इन पदों को भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से भरा जाता है। परंतु भर्ती परीक्षाओं की स्थिति भी चिंता का विषय है। पेपर लीक और परीक्षार्थियों की शिकायतें संकेत करती हैं कि योग्यता का सही मूल्यांकन नहीं हो पाता। आंकड़े बताते हैं कि पिछले छह वर्षों में 18 राज्यों में 60 से अधिक भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए।

आम लोग जिन मूल समस्याओं से दशकों से जूझ रहे हैं, उनके समाधान का संकल्प नेताओं द्वारा बार-बार लिया जाता है। बावजूद इसके, समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। भ्रष्टाचार को शून्य स्तर पर लाने की बात केंद्र हो या राज्य सरकार, इसे अपनी प्राथमिकता बताता है। फिर भी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के प्रयास विफल साबित हुए हैं।

देश में भूख मिटाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन दुनिया के हंगर इंडेक्स में हमारा दर्जा अभी भी निचले पायदान पर है। सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। लेकिन रोजगार के नाम पर उनके सामने केवल अनुकंपों का ही बोझ लादा जाता है। लेकिन रोजगार की गारंटी उनके लिए अनुपलब्ध रहती है।

आज छात्रों को जो शिक्षा शिक्षण संस्थानों से प्राप्त होती है, वह आज के डिजिटल और कृत्रिम मेधा के युग में पूरी तरह से असंबद्ध प्रतीत होती है। उनकी डिग्रियां नई तकनीक और डिजिटल श्रेणियों के सामने कोई मूल्य नहीं रखतीं। जहां कृत्रिम मेधा और इंटरनेट जैसी नई तकनीकों के कारण नौकरियां उत्पन्न हो रही हैं, वहां हमारे नौजवानों के पास उचित शिक्षण और प्रशिक्षण की कमी है।

इसके परिणामस्वरूप, छोटी नौकरियों के लिए भी हजारों पढ़े-लिखे युवा अपनी पुरानी डिग्रियों को बेकार पाते हैं। नौकरी के लिए भेजे गए उनके आवेदन पत्रों का कोई सार्थक उत्तर नहीं मिलता। दूसरी ओर, बदलती दुनिया में रोबोट तकनीक, इंटरनेट की नई उड़ान और कृत्रिम मेधा का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन इन बदलावों के लिए हमारे नौजवान योग्य नहीं हैं, क्योंकि उन्हें इस नई तकनीकी दुनिया के अनुकूल शिक्षण और प्रशिक्षण नहीं दिया गया।

संसद के शीतकालीन सत्र की परिणति भी पूर्ववर्ती सत्रों जैसी ही प्रतीत होती है–विपक्ष के हंगामे और कोलाहल के बीच उनकी मांगों को नजरअंदाज कर काम न चलने देने के आरोप लग रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसा द्वंद्व युद्ध, जिसमें कुछ भी सार्थक नहीं होता। हर सत्र में यह स्थिति दोहराई जाती है। कोई यह सवाल नहीं उठाता कि बेरोजगारी को समाप्त किया जाए, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए या लालफीताशाही और दफ्तरी जटिलताओं से आम आदमी को राहत दी जाए। आम आदमी वैश्विक खुशहाली के पायदान पर बहुत निचले दर्जे में दर्ज है। हालांकि, सरकारी आंकड़े इसका उल्टा बताते हैं। सरकारी दावे हैं कि बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है। लेकिन ये आंकड़े वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।




सरकारों द्वारा निर्धारित रोजगार के मानकों से वास्तविक बेरोजगारी के आंकड़े प्रभावित होते हैं। यही वजह है कि नौकरी की तलाश के लिए कई बार सरकारी रियायतें और अनुकंपा योजनाओं का सहारा लिया जाता है। इसका परिणाम यह हुआ है कि धीरे-धीरे देश में शॉर्टकट और मुफ्तखोरी की संस्कृति पनपने लगी है।

सरकार का दावा है कि रोजगार कार्यालयों की खिड़कियों पर नौकरी मांगने वालों की संख्या घट गई है, जिसका अर्थ यह है कि बेरोजगारी की समस्या किसी हद तक कम हुई है। नौकरी मांगने वालों की संख्या भले ही घट गई हो, लेकिन रियायत बांटने वाले केंद्रों पर उनकी संख्या बढ़ गई है। वहां इनकी कतारें लगातार लंबी होती जा रही हैं।

चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ दल हो या विपक्ष, उनके घोषणापत्रों में सबसे बड़ा मुद्दा यह होता है कि कौन अधिक से अधिक अनुकंपा योजनाएं ला सकता है। बेरोजागरी के आंकड़ों के बीच पूरे देश में कई सरकारी पद खाली पड़े हैं। इन पदों को भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से भरा जाता है। परंतु भर्ती परीक्षाओं की स्थिति भी चिंता का विषय है। पेपर लीक और परीक्षार्थियों की शिकायतें संकेत करती हैं कि योग्यता का सही मूल्यांकन नहीं हो पाता। आंकड़े बताते हैं कि पिछले छह वर्षों में 18 राज्यों में 60 से अधिक भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए।

अब देश में गिग अर्थव्यवस्था का भी सूत्रपात हो रहा है। इसमें किसी विशेष कार्य के लिए अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती की जाती है, जिन्हें कुछ समय बाद नौकरी से निकाल दिया जाता है। वहीं वर्क फ्रॉम होम स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे स्वरोजगार करने वाले लोगों की संख्या सीमित है।

निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले कर्मचारी वेतन और अन्य सुविधाओं के मामले में बहुत दयनीय स्थिति में हैं। देश की आधी महिलाएं घरेलू कार्यों में लगी हुई हैं, और कई नौजवान पुश्तैनी खेती में ही अपना समय बिता रहे हैं। लेकिन उन्हें कोई अतिरिक्त वेतन नहीं मिलता। देश में करीब 58 प्रतिशत लोग स्वरोजगार या छुपे बेरोजगार हैं, जबकि नौकरीपेशा केवल 22 प्रतिशत हैं।

इस प्रकार, देश में बेरोजगारी की समस्या का सही समझना और समाधान करना बहुत कठिन है। आंकड़ों की बाजीगरी समस्या का समाधान नहीं होगा। आंकड़ों के पीछे छिपे अंधेरे की पड़ताल हो।

**-सुरेश सेठ**

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

# खाद्य तेल की कीमतें अभी भी ऊंची त्योहारी सीजन के बाद भी राहत नहीं

**मुंबई ♦ एजेंसी**

त्योहारी सीजन में खाद्य तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद नवंबर में भी उपभोक्ताओं को कोई राहत नहीं मिली है। खुदरा बाजार में सोयाबीन तेल की कीमत 160-170 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य तेल की कीमत में काफी तेजी आई थी। इस दौरान पाम ऑयल की कीमत में अक्टूबर में 37 फीसदी उछाल देखने को मिली। इसी तरह सरसों का तेल 29 फीसदी, सोयाबीन तेल 23 फीसदी, सनफ्लावर ऑयल 23 फीसदी और मूंगफली का तेल चार फीसदी महंगा हुआ। माना जा रहा था कि त्योहारों के बाद खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट आ सकती है लेकिन नवंबर में कीमतों में कोई राहत नहीं मिली।



एक रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि खाद्य तेल की कीमत बढ़ने के कारणों पर उसका कोई कंट्रोल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य तेल की कीमत बढ़ रही है। साथ ही साउथईस्ट एशिया में पाम ऑयल सीजन कमजोर रहा है। सरकार ने अब तक आयात शुल्क में कटौती का फैसला नहीं किया है। घरेलू किसानों के फायदे के लिए सरकार ने खाद्य तेलों के आयात पर ड्यूटी बढ़ाई थी।

**क्यों बढ़ी कीमत**

14 सितंबर को सरकार ने देश में तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए क्रूड और रिफाइंड एडिबल ऑयल पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। क्रूड पाम, सोयाबीन और सोयाबीन तेल पर ड्यूटी 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 27.5% कर दी थी जबकि रिफाइंड ऑयल पर ड्यूटी 13.7% से बढ़ाकर 35.7% कर दी गई थी। अक्टूबर में सरकार ने खाद्य तेल की बढ़ती कीमत पर चिंता जताई थी। इसके बाद विभिन्न मंत्रालयों के बीच इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के प्रभावों पर चर्चा हुई थी और उपभोक्ताओं को राहत देने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।

माना जा रहा था कि अक्टूबर में सोयाबीन और मूंगफली की नई फसल के बाजार में आने से तेल की कीमत में गिरावट आएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भारत अपनी जरूरत का 58% एडिबल ऑयल इम्पोर्ट करता है। सरकार सप्लाई में स्थिरता लाने और घरेलू बाजार को वैश्विक असर से बचाने के लिए तिलहन की खेती को प्रमोट कर रही है।

## बौमा कॉनेक्सपो इंडिया का आयोजन

**रायपुर।** भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में क्रांति लाने वाला प्रतिष्ठित व्यापार इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेगा, बल्कि निर्माण औरखनन क्षेत्रों के भविष्य को आकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदमभी उठाएगा। भारत का बुनियादी ढांचा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। देश की जीडीपी अब निर्माण और शहरीकरण पर निर्भर हो रही है, जिससे उद्योग के लिए चुनौती औरअवसर दोनों बढ़गए हैं। एक ऐसा मंच बनेगा जहां 100 से अधिक देशों के 75,000+ व्यापारिक आगंतुक और 1,000+ प्रदर्शक भाग लेंगे। यह मंच वैश्विक सहयोग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिए इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने पर चर्चा करेगा।

## एनएचसी फूड्स लिमिटेड का रु. 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 5 दिसंबर 2024 से खुला

**वलसाड . गुजरात।** मसाला, अनाज, तेलबीज, सूखा मेवा और अन्य कृषि उत्पाद के निर्यात व्यापार से जुड़ी गुजरात स्थित नेशनल हेल्थ कॉरपोरेशन फूड्स लिमिटेड ( इरए -517554) का 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू 5 दिसम्बर, 2024 से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। 6 दिसम्बर, 2024 को प्रति शेयर 2.76 की मौजूदा बाजार कीमत के सामने कंपनी प्रति शेयर 1 रुपए की आकर्षक कीमत पर राइट्स इश्यू ऑफर कर रही है। राइट्स इश्यू 18 दिसम्बर, 2024 को बंद होगा।

निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में 1 रुपए की कीमत पर लेने / सब्सक्राइब करने के लिए राइट्स एनटाईटलमेंट्स (इरए सिम्बोलः NHCFO-RE) भी खरीद सकते हैं। राइट्स अधिकारों के ऑन मार्केट त्याग की अंतिम तिथि 12 दिसंबर, 2024 है।

सूचित राइट्स इश्यू का राइट एंटाईटलमेंट्स 4:1 रेश्यो है (रेकॉर्ड तारीख 26 नवंबर, 2024 को इक्विटी शेयर धारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 फुल्ली पैड इक्विटी शेयर के सामने प्रत्येक 1 रुपए की फेस वैल्यू के 4 राइट्स इक्विटी शेयर ) कंपनी प्रत्येक 1 की कीमत प्रति शेयर 1 रुपए की फेस वैल्यू के 47.42 करोड़ फुल्ली पेड अप इक्विटी शेयर्स इश्यू करेगी जिसका मूल्य 47.42 करोड़ है।

वित्तीय वर्ष 2025 पहली अर्धवार्षिक अवधि के लिए कंपनी का मुनाफा बढ़कर 4.05 करोड़ हुआ था जिसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024 का पूर्ण मुनाफा 2.35 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2024 के पूरे वर्ष की आय 211.30 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2025 के पहले अर्ध वार्षिक अवधि के लिए आय 140.67 करोड़ थी। राइट्स इश्यू के जरिए एकत्रित किए गए फंड्स को कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पहुंचने के लिए सिक्योर्ड ऋण चुकाने और आम कॉरपोरेट हेतुओं के लिए किया जाएगा। 47.42 करोड़ रुपए के इश्यू से मिलने वाली राशि में से कंपनी ने 25 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरतों के लिए, 15 करोड़ सिक्योर्ड ऋण के पेमेंट के लिए और 7 करोड़ आम कॉरपोरेट हेतुओं के लिए उपयोग में लेने की योजना बनाई है।

## ड्यूरोप्लाई ने अपने वुड प्रोडक्ट्स पर दीमक और कीड़ों से जीवनभर के लिए सुरक्षा पेश की

**नई दिल्ली।** ड्यूरोप्लाई, जो भारत के अग्रणी और भरोसेमंद प्लाईवुड निमार्ताओं में से एक है, ने अपने वुड प्रोडक्ट्स जैसे प्लाईवुड, वीनियर, दरवाजे और ब्लॉकबोर्ड पर दीमक और कीड़ों के संक्रमण से जीवनभर के लिए सुरक्षा की गारंटी की पेशकश की है। ड्यूरोप्लाई ने 2016 से ही यह अनूठी गारंटी देकर इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम की थी। यह कंपनी अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए ऐसे प्रोडक्ट बनाती है, जो सिर्फ मजबूत और टिकाऊ ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों तक भरोसेमंद बने रहते हैं। यह लाइफटाइम गारंटी ड्यूरोप्लाई के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह घर के मालिकों, वास्तुकारों और इंटीरियर डिजाइनरों के बीच ड्यूरोप्लाई को एक भरोसेमंद ब्रांड के रूप में और अधिक मजबूती से स्थापित करती है।

ड्यूरोप्लाई के एमडी और सीईओ, अखिलेश चितलॉंगिया ने कहा, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के लिए ऐसी गुणवत्ता पेश करने पर जोर दिया है जो हर बार बेहतर हो। ड्यूरोप्लाई इंडस्ट्री में पहली ऐसी कंपनी है जिसने दीमक और कीट प्रूफ प्लाईवुड पर लाइफटाइम गारंटी देने का कदम उठाया। यह न केवल हमारी गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि ग्राहकों को स्थायित्व और भरोसे का अनुभव भी देता है। छह दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, हम लगातार ऐसे उत्पाद और तकनीक लेकर आते हैं जो उद्योग के लिए बेंचमार्क बन जाते हैं।

ड्यूरोप्लाई अपने उत्पादों को दीमक और कीटों से सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करता है। कंपनी कोर ट्रीटमेंट और 5HT टेक्नोलॉजी के साथ ग्लू लाइन ट्रीटमेंट के जरिए अपने प्लाईवुड में सुरक्षा की अतिरिक्त परतें जोड़ती है। खास रसायनों से कोर ट्रीटमेंट न केवल सतह पर, बल्कि प्लाईवुड की हर परत के अंदर तक लागू होता है, जिससे दीमक या कीड़े अंदर प्रवेश नहीं कर पाते। ग्लू लाइन ट्रीटमेंट के साथ, यह प्रक्रिया और भी मजबूत हो जाती है।

## बजाज फिनसर्व एएमसी ने 'बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड' लॉन्च किया

**मुंबई/पुणे।** बजाज फिनसर्व एएमसी ने आज बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रोथ के लिए स्वास्थ्य और सेहत से जुड़े क्षेत्रों में लंबी अवधि के लिए निवेश करती है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 6 दिसंबर को खुलेगा और न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की अवधि 20 दिसंबर, 2024 को समाप्त होगी।

बजाज फिनसर्व हेल्थकेयर फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो मुख्य रूप से फार्मास्यूटिकल्स, अस्पतालों, डायग्नोस्टिक्स और वेलनेस में लगी कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी-संबंधित इंस्ट्रूमेंट में निवेश करके लंबी अवधि में पैसा कमाने की संभावना तलाश रहे हैं। यह पांच साल या उससे अधिक की निवेश सीमा के लिए उपयुक्त है। इस स्कीम का बेंचमार्क बी एस ई हेल्थकेयर टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) होगा।

इस फंड का लक्ष्य भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की तेज वृद्धि का लाभ उठाना है। लोगों की बदलती जरूरतों, बढ़ते निजी स्वास्थ्य देखभाल खर्च, तकनीकी प्रगति और अन्य कारकों के कारण यह उद्योग एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है। यह फंड निवेशकों को स्वास्थ्य और सेहत में उछाल से लाभ उठाने और इस क्षेत्र में उभरते मेगाट्रेंड का लाभ उठाने का अवसर देता है। इसका पोर्टफोलियो कई क्षेत्रों तक फैला होगा, जिनमें फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा अनुसंधान और उत्पादन, डायग्नोस्टिक्स, चिकित्सा उपकरण, अस्पताल, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं समेत अन्य बहुत कुछ शामिल हैं। यह योजना उन कंपनियों में कम से कम 80% निवेश करेगी जो बीएसई हेल्थकेयर टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) का हिस्सा बनने वाले क्षेत्रों से संबंधित हैं।

## एयरटेल ने जारी की स्पैम रिपोर्ट, स्पैम सॉल्यूशन के लॉन्च के बाद दिखे नेटवर्क ट्रेंड का किया विश्लेषण

**नई दिल्ली।** भारत के पहले स्पैम-फाइटिंग नेटवर्क भारती एयरटेल ने अपने एआई-संचालित स्पैम-फाइटिंग सॉल्यूशन को लॉन्च करने के ढाई महीने के भीतर ही 8 अरब स्पैम कॉल और 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया है। इस एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से, एआई-संचालित नेटवर्क ने हर दिन लगभग एक मिलियन स्पैमर्स की पहचान सफलतापूर्वक की है।

पिछले ढाई महीनों में कंपनी ने लगभग 25.2 करोड़ यूनिक कस्टमर्स को इन स्पैम कॉल्स के बारे में सतर्क किया है और देखा गया है कि ऐसे कॉल्स का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12% की कमी आई है। एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉल्स में से 6% को स्पैम कॉल्स के रूप में पहचाना गया है, जबकि कुल एसएमएस का 2% भी स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि 35% स्पैमर्स ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है। दिल्ली के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को। सबसे ज्यादा स्पैम कॉल दिल्ली से की गई, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक से। एसएमएस के मामले में सबसे ज्यादा एसएमएस गुजरात से भेजे गए, फिर कोलकाता और उत्तर प्रदेश से। सबसे ज्यादा ग्राहक मुंबई, चेन्नई और गुजरात के निशाने पर रहे।

रिपोर्ट में सामने आए ट्रेंड के मुताबिक, 76% स्पैम कॉल पुरुष ग्राहकों को की गई है। उम्र के आधार पर भी स्पैम कॉल की संख्या में अंतर देखा गया है। 36-60 आयु वर्ग के ग्राहकों को 48% स्पैम कॉल मिली है, जबकि 26-35 आयु वर्ग के ग्राहकों को 26% कॉल की गई। वरिष्ठ नागरिकों के पास केवल 8% स्पैम कॉल पहुंची है।

कंपनी के विश्लेषण से स्पैम कॉल के समय का भी पता चला है। स्पैम कॉल सुबह 9 बजे से शुरू होती है और दिन चढ़ने के साथ इनकी संख्या बढ़ती जाती है। स्पैम कॉल की सबसे ज्यादा गतिविधि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच होती है। इसके अलावा, सप्ताह के दिनों और सप्ताहांत में स्पैम कॉल की संख्या में बड़ा अंतर देखा गया है। रविवार को इन कॉल की संख्या लगभग 40% तक कम हो जाती है। यह भी एक ट्रेंड देखने को मिला कि खासकर 15,000 से 20,000 रुपये की कीमत वाले उपकरणों पर करीब 22% स्पैम कॉल आती है।

कई मानकों का गहराई से विश्लेषण कर-के, एआई-संचालित सिस्टम ने इन अवांछित कॉल्स को रियल टाइम में बेहद सटीकता से पहचानने में सफलता प्राप्त की है। इस पहल ने एयरटेल को भारत का पहला सर्विस प्रोवाइडर बना दिया है, जो स्पैम की बढ़ती समस्या का पूरी तरह से समाधान प्रदान करता है और जिसने अपने ग्राहकों की गोपनीयता और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उद्योग में नए सुरक्षा मानकों की शुरूआत की है।

Scanned with OKEN Scanner

## उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 तक

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक पतराम सिंह ने बताया है कि पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2024-25 में रबी मौसम के जिले के समस्त विकासखण्डों में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यानिकी खेती करने वाले जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसम्बर 2024 तक करा सकते हैं। उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक(भू-धारक एवं बटाईदार) तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित ऋण मान का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बीमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित की गई है। निर्धारित सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा स्वयं ऑनलाइन अथवा लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से भी बीमा करा सकते हैं। साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए उद्यान विभाग के साथ ही विकासखंड स्तरीय अधिकारी बलरामपुर पलिस राम (9165507130), रामचन्द्रपुर अवतार खाखा (7999674591), वाड्रफनगर जगजीत कुमार खलखो (9926556059), त्रिवेन्द्र राम साण्डे (9340217036), शंकरगढ़ नरायण साहू (7000979497), कुसमी दुर्गा प्रसाद (9303447557)से सम्पर्क कर सकते है।

## मोदी की गारंटी से आर्थिक संपन्नता की ओर बढ़ रहे किसान

» किसानों ने की मुख्यमंत्री के नीतियों की सराहना

» जनहित के प्रति दृढ़संकल्पित साय सरकार, पूर्ण होने जा रहा एक वर्ष

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर



राज्य शासन द्वारा पारदशिर्ता के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किसानों की सुविधाओं को देखते हुए धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना, छाया, पेयजल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई है।

धान खरीदी केन्द्र डौरा-कोचली में धान बेचने आए किसान श्री कैलाश मुंशीधर एवं शिवलखन यादव ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किये जा रहे हैं। इससे किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार टोकन प्राप्त करने में आसानी हो रही है और वे धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्र पर निर्धारित समय तक पहुंच सकते हैं, तथा बिना किसी असुविधा के सीधे उपार्जन केन्द्र में जाकर धान बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है किसानों को उनकी मेहनत का उचित दाम मिल रहा है। वे बताते हैं कि धान की फसल के बाद अब वे गेंहू और सरसों की फसल लगाएंगें और धान खरीदी से प्राप्त राशि को आवश्यकतानुसार अपनी खेती-बाडी में उपयोग में लाएंगे। इसके साथ ही इस वर्ष किसानों को माइक्रो एटीएम के माध्यम से पैसे निकालने की सुविधा मिल रही है। माइक्रो एटीएम के जरिए वे बिना किसी परेशानी के अपनी जरूरत के मुताबिक नकद राशि प्राप्त कर सकते हैं। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को आसानी हो रही है, इससे किसानों को काफी राहत मिली है। वे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने कृषि उत्पादन तथा कृषकों की आय में वृद्धि हेतु कई योजनाएं शुरू की है। मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने किसानों को धान का दो साल का बकाया राशि जारी की। साथ ही कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की तथा 3100 रूपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी जारी है। वे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ में साय सरकार के गठन को एक साल होने जा रहा है और इन बारह महीनों में विकास कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है साथ ही हम किसानों के लिए खेती के क्षेत्र में आय के अवसरों को बढ़ाने का प्रयास जारी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में 254521.20 क्विंटल धान की खरीदी

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवम्बर से प्रारंभ हो गया है, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 सहकारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उर्पाजन बनाये गये हैं। चालू सीजन में धान बेचने के लिए 50660 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में 09 दिसम्बर तक 49 समितियों में कुल 254521.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले के सहकारी समिति कपिलदेवपुर में 4262.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 1986.40, कुसमी में 2765.20, जवाहरनगर में 506.80, कामेश्वरनगर में 9760, कोदवा 1893.20, गोपालपुर में 1526.40, भेंडरी 1799.20, चांदो में 6306.80, जमड़ी में 16027.60, जिगड़ी में 1900.40, जोकापाट (भरतपुर) में 549.60, डूमरपान में 5974, डिण्डो में 8284.40, डीपाडीह में 1680.80, डोंगरो में 3008.80, गांजर में 2774.80, त्रिकुण्डा में 11373.20, बगरा में 7223.60, तातापानी में 7558, धंधापुर में 2570.40, डौरा में 5257.60, पस्ता में 2513.60, बड़कागांव में 8534.80, बरतीकला में 7692, बरदर में 5898.40, आरा में 550, बरियों में 4418, बलंगी में 5697.60, बलरामपुर में 4586, बसंतपुर में 6563.20, भुलसीकला में 671.60, भंवरमाल में 7790.40, रामानुजगंज में 6140.40, महाराजगंज में 6914, महावीरगंज में 6553.20, विजयनगर में 11227.20, रघुनाथनगर में 5882.80, रनहत में 4414.40, राजपुर में 5354.40, दोलंगी 3834, रामचन्द्रपुर में 2992.40, रामनगर में 9727.20, वाड्रफनगर में 5494.80, स्याही में 6995.20, विरेन्द्रनगर में 7734.40, सरना में 8377.60, सेवारी में 2416.80 एवं सामरी में 256.80 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

## संविधान के साथ मजाक कर रही सरकार : डॉ. प्रेमसाय सिंह

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे संविधान रक्षक अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालय राजपुर में जिले के प्रभारी डॉक्टर प्रेमसाय सिंह ने कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को संबोधित किया, संबोधन में डॉक्टर प्रेमसाय सिंह ने कहा की वतर्मान सरकार संविधान के साथ मजाक कर रही है हर स्तर पर संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है आम आदमी परेशान है उसके हितों की बात करने से सरकार कतरा रही है समानता का बात सिर्फ किताबें हो गया है उन्होंने कहा किया अभियान प्रदेश में चार चरणों में किया जाना है आने वाले 26 जनवरी 2025 तक संविधान को लेकर और उसके विभिन्न पहलुओं पर बात होगी प्रदेश और देश में जो बातें हो रही हैं उन सब पर भी चर्चा होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि हमारा संविधान सबको समान अवसर प्रदान करता है संविधान का अनुच्छेद सबके लिए समानता का अवसर उपलब्ध कराता है परंतु आज हमारे संविधान के साथ खिलवाड़ हो रहा है हम सब संविधान के साथ हो रहे सरकार के नजरिए से बेहद दुखी हैं कांग्रेस को इस बात की चिंता है कि संविधान ने जिस तरह से आम लोगों को अधिकार दिए हैं उनका पालन हर स्तर पर हो पर संविधान को प्रदेश और देश की सरकार ने मजाक बनाकर रख दिया है सड़क से संसद तक चारों तरफ संविधान का उल्लंघन हो रहा है।

संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम पश्चात पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया कार्यकर्ताओं के साथ धान खरीदी केंद्र राजपुर जाकर किसानों की समस्याएं सुनी और उपलब्ध संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया प्रतिदिन किसानों को भुगतान उनकी इच्छा अनुसार सरकार के मानदंडों अनुसार हो सके उसके लिए आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज तिवारी ने किया।

## आबकारी विभाग के संरक्षण में शासकीय दुकानों से कोचियों को मिल रही शराब

### सरकारी शराब दुकान से लोग पेटी के पेटी ले जाते शराब

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर



शहर तो शहर गांव गांव में इन दिनों खराब शराब की बहार है।आसानी से गांव गांव में मिल रही शराब सड़क दुर्घटना का एक बड़ा कारण बन रहा है।हालांकि पुलिस इस पर लगाम की कोशिश गाहे बगाहे करती तो है पर जिस पैमाने पर होनी चाहिए वह नही हो पाने से शराब के धंधे बाजो को फर्क नही पड़ रहा है।वैसे तो शराब पर अंकुश के लिए खुद से पूरा महकमा ही है पर बताया जाता है कि इस महकमे के लोग ही गांव गांव में शराब बिकवा कर खुद को उपकृत कर रहे है। जिले के सरकारी दुकानों से कोचियों को भरपूर मात्रा में शराब की सप्लाई की जा रही है। कोचियों को शराब दुकानों से पेटी-पेटी शराब उपलब्ध कराने से गांव-गांव में अवैध बिक्री जोर शोर से चल रही है।विभाग द्वारा कभी किसी कोचियों पर किसी तरह की कारर्वाई नहीं की है। सरकार ने एक ग्राहक को चार पौव्वा शराब देने का नियम लागू किया है, लेकिन यहां पर कोचियों को लिए नियमों की धज्जियां उड़ा कर पेटी-पेटी शराब दिया जा रहा है। कोचिया शराब को गांवों व शहर के मोहल्लों में ले जाकर अवैध रुप से बिक्री कर मुनाफा कमा रहे है

#### नकली शराब की बॉटलिंग और पानी मिलाने की शिकायत

जिले में नकली शराब की बाटलिंग व भट्ठी से निकाल रहे शराब में पानी मिला कर कोचियों को देने की शिकायत भी सामने आ रही है। शराब का कारोबार कर रहे कुछ लोगों द्वारा जिले के कुछ जगहों में अन्य राज से सामान लाकर यहां पर बाटलिंग किया जा रहा है। कुछ समय पहले बिश्रामपुर पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ भी किया था। रामानुजनगर, बिहारपुर सहित अन्य क्षेत्रों से भी ऐसी शिकायतें सामने आने के बाद भी विभाग नींद में है।

#### प्रत्येक पेटी में कमीशन ...

सूत्रों के अनुसार कोचियों को शराब दुकानों से 200 रुपए प्रति पेटी कमीशन के आधार पर भरपूर मात्रा में शराब उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें विभाग के अधिकारी मिल बांट कर कमाई कर रहे है। सूत्र के अनुसार जिले भर के सरकारी शराब दुकानों से रोजाना 400 से 500 पेटी शराब कोचियों को सप्लाई हो रही है।

#### नही मिला पक्ष...

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी को उनके मोबाईल नम्बर पर फोन किया गया पर मोबाईल रिसीव न होने से विभाग का पक्ष ज्ञात नही हो सका है।

## अजजा वर्ग से अलग किये जाने पर पनिका समाज ने मनाया काला दिवस



दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर

पनिका जाति के लिए 8 दिसंबर 1971 की तिथि समाज में अभिशाप के रूप में विगत 53 वर्षो से चली आ रही है उक्त तिथि को पनिका समाज द्वारा काला दिवस के रूप में स्मरण किया जाता रहा हैं। प्रत्येक वर्ष महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाता रहा है।कहने को तो भारतवर्ष में एक संविधान एक विधान का प्रचलन है परंतु उक्त तिथि को पनिका जाति जो कि भारत की मूल अनुसूचित जनजाति है अनुसूचित जनजाति वर्ग से पृथक कर दिया गया और पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में दर्ज कर दिया गया चुकी पनिका जाति का रहनी,गहनी, खानपान, माना, गाना, पूजा, पद्धति गोंड जाति के अनुरूप ही है पनिका जाति प्राकृतिक का पुजारी है इस जाति का मुख्य कार्य कृषि, कपड़ा बुनना, कोतवाली, चौकीदारी करना रहा हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक रूप से अत्यंत पिछड़ा हुआ जाति है समाज को पुनः अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल किए जाने हेतु विगत 53 वर्षो से संघर्ष किया जा रहा है। परंतु शासन प्रशासन के द्वारा कोई सुध नहीं लिया गया विशेष बात यह है भी है कि अभिवाजीत मध्य प्रदेश के 8 जिलों में आज भी पनिका जाति को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल है देश के कई राज्यों में जैसे मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश बिहार उड़ीसा अन्य कई राज्यों में पनिका जाति अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में रखा गया है परंतु छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग में इस जाति को सम्मिलित किया गया है पनिका जाति को समुचित विकास अवरूद्ध कर दिया गया है उक्त दंश को पनिका जाति झेलते हुए पनिका समाज के लोग शासन प्रशासन को ज्ञापन देने हेतु सामाजिक लोग सूरजपुर जिले के दूर दराज गांवों से बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए पनिका समाज के जिला अध्यक्ष शिव शंकर गोयन कोषाध्यक्ष बिहारी लाल कुलदीप उपाध्यक्ष राजू देवांगन शंभू नारायण किशन देवांगन रामबाई देवांगन तुषार कुमार सुनील पड़बार राजू दास सूरज बली उमेश देवांगन संजय देवांगन व बड़ी संख्या में पनिका समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पत्थलगांव महिलाओं ने रानी सती दादी का विवाह उत्सव भजन गाकर मनाया

दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव



पत्थलगांव श्याम मंदिर में मां दादी रानी सती के विवाह के सालगिरह के अवसर पर महिलाओं ने भजन गाकर उनके विवाह उत्सव को मनाया इस अवसर पर 56 भोग लगाया गया परम आराध्य श्री दादी जी के प्रताप उनके वैभव व अपने भक्तों पर निःस्वार्थ कृपा बरसाने वाली ह्रमाँ नारायणीह्र को कौन नही जानता भारत में ही नही विदेशों में भी इनके भक्त और उपासक हैंपौराणिक इतिहास से ज्ञात होता है की महाभारत के युद्ध में चक्रव्यूह में वीर अभीमन्यु वीर गति को प्राप्त हुए थे` उस समय उत्तरा जी को भगवान श्री कृष्णा जी ने वरदान दिया था की कलयुग में तू ह्रनारायणीह्र के नाम से श्री सती दादी के रूप में विख्यात होगी और जन जन का कल्याण करेगी, सारे दुनिया में तू पूजीत होगी` उसी वरदान के स्वरूवप श्री सती दादी जी आज से लगभग 715 वर्ष पूर्वा मंगलवार मंगसिर वदि नवमीं सन्न 1352 ईस्वीं 06.12.1295 को सती हुई थीं जन्म झ श्री दादी सती का जन्म संवत 1638 वि. कार्तिक शुक्ला नवमीं दिन मंगलवार रात १२ बजे के पश्चात डोकवा गाँव में हुआ था इनके पिता का नाम सेठ श्री गुरसामल जी था। बचपन झ इनका नाम नारायाणी बाई रखा गया था। ये बचपन में धार्मिक व सतियो वाले खेल खेलती थी। बड़े होने पर सेठ जी ने उन्हे धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ शस्त्र शिक्षा व घुड़सवारी की शिक्षा भी दिलाई थी। बचपन से ही इनमे दैविक शक्तियाँ नजर आती थी, जिससे गाँव के लोग आश्चर्य चकित थे विवाह नारायाणी बाई का विवाह हिस्सर राज्य के सेठ श्री जालीराम जी के पुत्रा तनधन दास जी के साथ मंगसिर शुक्ला नवमीं सन्न 1352 मंगलवार को बहुत ही धूम धाम से हुआ था।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय, तखतपुर में एड्स जागरूकता अभियान आयोजित



दबंग दुनिया ♦ तखतपुर

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय, तखतपुर में आज एक प्रभावी एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं को एचआईवी/एड्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, डॉ. ड्रीमा चरण (सीआईएमएस हॉस्पिटल) ने एड्स से संबंधित व्यापक जानकारी साझा की। उन्होंने अपने संबोधन में एड्स के संक्रमण के तरीकों, इससे बचाव के उपायों और एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART) के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को यह संदेश दिया कि एचआईवी/एड्स केवल एक शारीरिक स्थिति नहीं है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक चुनौतियों से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एड्स को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बीमारी से पीड़ित लोगों को सहानुभूति और समर्थन देने की अपील की। डॉ. ड्रीमा चरण ने छात्राओं को बताया कि एक जागरूक और शिक्षित समाज न केवल इस बीमारी का सामना कर सकता है, बल्कि इसे जड़ से समाप्त करने में भी योगदान दे सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विकास चंदानी, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग ने किया और संयोजन डॉ. मनोज मिन्ज, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। इस अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक माइम एक्ट प्रस्तुत किया, जिसमें एड्स पीड़ितों की भावनात्मक और सामाजिक चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसके बाद, एक फ्लैश मॉब डांस ने यह संदेश दिया कि जीवन चुनौतियों के बावजूद उम्मीद और सकारात्मकता के साथ जीया जा सकता है।

कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. शुभदा रहालकर ने उपस्थित सभी मुख्य अतिथि, आयोजनकर्ताओं और छात्राओं का धन्यवाद व्यक्त किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि एड्स जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जागरूकता फैलाना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक जागरूक और शिक्षित युवा समाज न केवल एड्स जैसी बीमारी का सामना कर सकता है, बल्कि इस विषय पर फैली भ्रांतियों और सामाजिक कलंक को भी समाप्त कर सकता है। डॉ. रहालकर ने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मविश्वास से भरने का कार्य करता है। उन्होंने सभी को यह संदेश दिया कि जागरूकता और सहानुभूति से हम एक सकारात्मक और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। यह अभियान शिक्षा, रचनात्मकता और सहानुभूति का एक अद्भुत संयोजन था, जिसने सभी उपस्थित लोगों पर एक गहरी छाप छोड़ी।

## उस्मान बेग के नेतृत्व में घरघोड़ा में युवा कांग्रेस ने दिखाया दम, प्रादेशिक व स्थानीय मुद्दों पर एक जुट हुए युवा कांग्रेसी

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा




युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण ने राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा जी, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा जी व ज़िला प्रभारी प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय के निर्देश में युवा नेता जनप्रतिनिधि उस्मान बेग के नेतृत्व में धर्मजयगढ़ विधानसभा व लैलूगा विधानसभा के युवा कांग्रेसियों व सीनियर कांग्रेसीयो द्वारा प्रादेशिक व स्थानीय मुद्दों पर घरघोड़ा एसडीएम कार्यालय को घेरते हुए कई बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस नेता उस्मान बेग ने ज्ञापन में एसडीएम (राजस्व) घरघोड़ा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 1. धान समर्थन मूल्य की वादा खिलाफी,धान खरीदी केंद्र में बदहाल व्यवस्था है, किसानो को धान का समर्थन पूरा 3100/- प्रदान करे व धान खरीदी केंद्र की बदहाल व्यस्था को दुरुस्त करे।2. पूरे प्रदेश में व घरघोड़ा ब्लॉक माँ बेलगाम नशा व अपराध बढ़ा हुआ है उसपर अंकुश लगाया जाए व कायर्वाही हो ।3. घरघोड़ा क्षेत्र के छोटे बड़े उद्योगों में स्थानीय लोग को रोजगार दे जो वतर्मान में नहीं मिल रहा है। 4. घरघोड़ा ब्लॉक में होने वाले प्रिज़्मो की जनसुनवाई को रद्द किया जाये व जो उद्योग व खदान है पहले उसे सुवास्थित किया जाये। और कहा कि इन माँगो को तत्काल पूरा करे अन्यथा कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ का घेराव किया जायेगा। प्रतिलिपि, विधायक धर्मजयगढ़ विधानसभा, कलेक्टर रायगढ़ , एसपी रायगढ़ , प्रदेश अध्यक्ष/ प्रभारी/ महासचिव छग युवा कांग्रेस, थाना घरघोड़ा , तहसीलदार घरघोड़ा को दिया । सीनियर कांग्रेसियों में शिव कुमार शर्मा, सोमदेव मिश्रा, सुरेंद्र चौधरी वही युवा कांग्रेसियों में रुपेश पटेल व टीम, लीलाधर साहू, राजा खान, रजनीकांत तिवारी, दया शंकर बैहरा, शिव कुमार, सुजीत, मुकेश, उमेश ,राजेंद्र, विशाल, ललित, योगेन्द्र, सोनू, पप्पू , तपेश्वर, तोश, राधे, सफीक, नसीम सक्षम संजय समेत भारी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner




# नागा चैतन्य संग शोभिता धुलिपाला ने दिखाई शादी की झलकियां

सामंथा रुथ प्रभु से तलाक के तीन साल बाद एक बार फिर नागा चैतन्य ने प्यार को दूसरा मौका देते हुए दूसरी शादी कर ली है। वह करीब दो साल से द नाइट मैनेजर एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला को डेट कर रहे थे। दोनों ने अपनी डेटिंग दुनिया से छुपाकर रखी थी, लेकिन इसी साल अगस्त में उन्होंने सगाई कर अपना रिश्ता ऑफिशियल कर लिया था। सगाई के चार महीने बाद शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य ने शादी कर ली है। दोनों ने 4 दिसंबर को साउथ इंडियन रीति-रिवाज से शादी की है। उनकी शादी की फोटोज इंटरनेट पर खूब वायरल हुईं। अब नई दुल्हनिया शोभिता ने शादी के 4 दिन बाद अनसीन वेडिंग फोटोज शेयर की हैं। %मेड इन हेवन% एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नागा चैतन्य के साथ शादी के खूबसूरत झलकियों को शेयर किया है। पहली फोटो दिल छू लेने वाली है जिसमें दुल्हन अपने दूल्हेराजा के चेहरे पर कुछ लगाती हुई नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में दोनों ही प्यार से मुस्कुरा रहे हैं। एक तस्वीर में नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाल हवन करते हुए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर मंगलसूत्र रस्म की है जिसमें दुल्हन अपना मंगलसूत्र फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक और तस्वीर शादी की रस्मों से जुड़ी है। दोनों वरमाला के वक्त मस्ती करते हुए दिख रहे हैं। नागा चैतन्य वरमाला न पहना पाएं, इसके लिए शोभिता लेट जाती हैं। कोलाजा फोटो उनके प्यारे मोमेंट का सबूत है। एक फोटो में उनके ऊपर चावल उड़ेला जा रहा है। एक तस्वीर में शोभिता धुलिपाल को बिछिया पहनाया जा रहा है, जबकि एक में वह इमोशनल होकर बैठी हुई दिख रही हैं। एक फोटो में शोभिता और चैतन्य एक-दूसरे की आंखों में खोए हुए दिख रहे हैं। एक तस्वीर में चैतन्य और शोभिता को आसमान की ओर देखते हुए देखा जा सकता है।

तस्वीरों में शोभिता धुलिपाला गोल्डन कांजीवरम और रेड-व्हाइट कलर की साड़ी में बहुत हसीन लग रही हैं। उन्होंने अपना पूरा लुक गोल्ड ज्वेलरी से स्टाइल किया थ। वहीं, नागा चैतन्य भी व्हाइट-रेड कुर्ता-पायजामा में हैंडसम लग रहे हैं।

# पुष्पराज की आंधी में उड़ा बॉक्स ऑफिस, सबसे तेज 500 करोड़ कमाने वाली फिल्म बनी पुष्पा 2




अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी. उम्मीद के मुताबिक थिएटर में रिलीज होते ही फिल्म ने धमाके पर धमाके करना शुरु कर दिए हैं. पहले ही दिन फिल्म ने आरआरआर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए घरेलू बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कलेक्शन करते हुए 175 करोड़ कमाए. वहीं वर्ल्डवाइड भी इसने सभी भारतीय फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 294 करोड़ की कमाई की. पुष्पा 2 की बढ़ती हुई डिमांड को देखते हुए मेकर्स ने पेड प्रीव्यू शो भी चलाए जिससे भी उन्होंने जमकर नोट छापे. पुष्पा 2 के पेड प्रीव्यू की कमाई 10.65 करोड़ हुई. वहीं फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन 250 करोड़ के पार हो गया और वर्ल्डवाइड इसने 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. आइए जानते हैं फिल्म की तीसरे दिन की कमाई.

पुष्पा 2 दुनियाभर के सिनेमाघरों में 5 दिसंबर को रिलीज हुई और इसने जबरदस्त ओपनिंग करते हुए 175 करोड़ की कमाई की. वहीं दूसरे दिन इसने 93.8 करोड़ रुपये कमाए और अब तीसरे दिन फिल्म ने धुआंधार कमाई करते हुए 115 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ फिल्म का तीन दिनों का कलेक्शन 383.7 करोड़ हो गया है. यह कलेक्शन पेड प्रीव्यू समेत है. फिल्म ने तीसरे दिन तेलुगु में 31.5 करोड़, हिंदी में 73.5 करोड़, तमिल में ? 7.5 करोड़, कन्नड़ में 0.8 करोड़ और मलयालम में 1.7 करोड़ का कलेक्शन किया है.

पुष्पा 2 ने भारत के साथ दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर पैसा छापा है. अल्लू अर्जुन की फिल्म ने पहले दिन रिकॉर्डतोड़ 294 करोड़ का ओपनिंग कलेक्शन किया था और अब फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. इसी के साथ पुष्पा 2 ने सबसे तेज 500 करोड़ का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है. अभी रविवार के आंकड़े आना बाकी है. अभी पुष्पा 2 का पहला वीकेंड पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ और इसने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिये हैं. आरआरआर को पछाड़ सबसे बड़ी ओपनिंग, जवान को पछाड़ हिंदी में सबसे बड़ी ओपनिंग और वर्ल्डवाइड भी फिल्म सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है. वहीं अब फिल्म ने अब तक सबसे तेज 500 करोड़ भी वर्ल्डवाइड कमा लिए. अब मेकर्स की नजरें वीकेंड कलेक्शन पर है जिसमें उन्हें उम्मीद है कि फिल्म दुनियाभर में 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी. अगर कलेक्शन की रफ्तार ऐसी ही रही तो फिल्म जल्द ही 1000 करोड़ा का आंकड़ा पार करने वाले क्लब में शामिल हो जाएगी.

# फिल्म निर्माता सुभाष घई की तबीयत बिगड़ी, मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती




मशहूर डायरेक्टर, प्रोड्यूसर सुभाष घई को मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमजोरी महसूस होने और हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक घई को आईसीयू से निकाल कर बाहर डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है।अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम सुभाष घई के स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए है।

लीलावती अस्पताल के अनुसार सुभाष घई की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया है। इस बीच सुभाष घई के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि अब सुभाष घई की हालत ठीक है। बुधवार को सुभाष घई को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, कमजोरी महसूस हुई और बार-बार चक्कर भी आने लगे। उन्हें बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक बाद में उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया। डॉ नितिन गोखले, डॉ. जलील पार्कर, डॉ. विजय चौधरी जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर सुभाष घई का इलाज कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुभाष घई शुरू से ही एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन उनकी किस्मत का पहिया ऐसा घूमा कि एक्टर बनने की चाहरखने वाले

# नेशनल नहीं, सच में इंटरनेशनल खिलाड़ी निकला पुष्पाराज

पुष्पा 2 द रूल की कमाई ने साफ कर दिया है कि वाकई पुष्पाराज फायर नहीं, वाइल्ड फायर है। अल्लू अर्जुन के आइकॉनिक डायलॉग्स, धांसू एक्शन और दमदार कहानी के दम पर पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर बेतहाशा नोट छाप रही है। आलम यह है कि इस साउथ फिल्म ने हॉलीवुड पर भी तरस नहीं खाया है। सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा 2 द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। भारत के अलावा फिल्म का क्रेज दुनियाभर में भी देखने को मिल रहा है। इसी वजह से यह फिल्म हॉलीवुड मूवीज को बॉक्स ऑफिस पर टक्कर दे रही है। इसने दिग्गज निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। दरअसल, क्रिस्टोफर नोलन की साई-फाई एडवेंचर ड्रामा इंटरस्टेलर सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई है। यह उस वक्त थिएटर्स में आई, जब हॉलीवुड की मच अवेटेड मूवीज मोआना 2 , विकड और ग्लैडिएटर 2 का बज है। इसे टक्कर देने मैदान में पुष्पा 2 आ गई है। बॉक्स ऑफिस मोजो के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में पुष्पा 2, मोआना 2, विकड और ग्लेडिएटर 2 के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी फिल्म है। यह फिल्म नॉर्थ अमेरिका के 1245 थिएटर्स में चल रही है, जिसने दो दिन (गुरुवार-शुक्रवार) को बॉक्स ऑफिस पर 1,700,000 यूएस डॉलर (करीब 1 करोड़ 45 लाख रुपये) कमा लिए हैं।



# शानदार कार को छोड़कर आलिया भट्ट ने की ऑटो की सवारी



बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने मुंबई में यातायात की समस्या से बचने के लिए अपनी शानदार कार को छोड़कर ऑटो की सवारी की। अभिनेत्री मुंबई के वर्सोवा जेटी पर नजर आईं। इसके बाद बोट से उतरकर सफर के लिए ऑटो को चुना। 'राजी' फेम अभिनेत्री एक ओवरसाइज स्ट्राइप्ड शर्ट और पैंट पहने हुए देखी गईं। यातायात की समस्या से बचने के लिए आलिया भट्ट के साथ ही अन्य हस्तियां भी वर्सोवा से मुंबई के इलाके में शूटिंग स्थलों तक जाने के लिए जेटी राइड का सहारा लेती नजर आ चुकी हैं। इससे सफर करने में लगभग 90 मिनट का समय बचता है। कन्नड़ सुपरस्टार यश और कियारा आडवाणी जैसे अन्य अभिनेताओं को भी शूटिंग स्थलों तक पहुंचने के लिए जेटी का सहारा लेते देखा गया। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' अभिनेत्री आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। आलिया ने हाल ही में एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने घर पर क्रिसमस ट्री लगाती नजर आईं। क्रिसमस ट्री को परिवार, पति रणबीर कपूर और बेटी राहा के नाम वाले स्टिकर्स से सजाया गया था। आलिया ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, और यह हो गया। इस बार का क्रिसमस भी आलिया भट्ट के लिए खास है।

# रिवीलिंग आउटफिट पहन भूमि पेडनेकर ने इंटरनेट पर बरपाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना भूमि पेडनेकर हमएशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच छा जाती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट करवाया है। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। भूमि पेडनेकर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का चमकता हुआ रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं। खुले बाल, कानों में पर्ल इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही उन्होंने अपनी हॉटनेस ने फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

Scanned with OKEN Scanner

# राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ रु. का निवेश करेगा अदाणी समूह, ग्रीन एनर्जी पर रहेगा फोकस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अदाणी समूह आने वाले दिनों में राजस्थान में लाखों करोड़ रुपये का भारी–भरकम निवेश करने वाला है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के प्रबंध निदेशक (एमडी) करण अदाणी ने इसका ऐलान आज सोमवार को जयपुर में किया। वह जयपुर में आज से शुरू हुए राइजिंग राजस्थान समिट 2024 में हिस्सा ले रहे थे।

**अगले 5 साल में आएगा इतना निवेश**

करण अदाणी ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि अदाणी समूह की योजना राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में 7.5 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की है। उन्होंने कहा– इसमें से 50 फीसदी से ज्यादा निवेश अगले 5 साल में किया जाएगा। हमारी योजना दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम बनाने की है, जिसमें 100 गीगावाट अक्षय ऊर्जा, 20 लाख टन हाइड्रोजन, 1.8 गीगावाट स्टोरेज शामिल होंगे। हमारा लक्ष्य देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनने का है। इसके लिए हम क्षमता विस्तार करेंगे और राजस्थान में 60 लाख टन सालाना क्षमता वाले 4 नए प्लांट लगाएंगे। हमारे निवेश की अन्य योजनाओं में जयपुर हवाई अड्डे पर विश्वस्तरीय सुविधाएं बनाना भी शामिल है।



**बदलाव के दशक से गुजर रहा है भारत**

अदाणी समूह के एमडी ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा– भारत बदलाव के एक ऐसे दशक के बीच से गुजर रहा है, जैसा अब तक हमारे इतिहास में कभी नहीं देखा गया। दुनिया इस बात को जान रही है कि इस शानदार बदलाव के पीछे आप (पीएम मोदी) हैं। इस बदलाव की ताकत सिर्फ भावनाओं में ही नहीं दिख रही, बल्कि आंकड़े और परिणाम भी उसकी गवाही दे रहे हैं।

**10 सालों में आई ऐसी तेज तरक्की**

करण अदाणी ने पिछले 10 सालों में देश में आई तरक्की का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले 2014 में भारत की जीडीपी आजादी के 67 सालों बाद 1.85 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच पाई थी। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में जीडीपी का आंकड़ा दोगुने से ज्यादा हो गया है। भारत ने आजादी से लेकर 2014 तक अर्थव्यवस्था में 6 ट्रिलियन डॉलर निवेश किया था। पिछले 10 साल में भारत अब तक 8 ट्रिलियन डॉलर का निवेश कर चुका है। 2014 में निफ्टी 8 हजार अंक पर था, जो आज 23 हजार अंक पर पहुंचा हुआ है। इससे देश भर के उद्यमियों, व्यापारियों और आम लोगों के उत्साह का पता चलता है।


**गरीबी में कमी लाना सबसे बड़ी उपलब्धि**

इस दौरान उन्होंने गरीबी के मोर्चे पर देश के शानदार प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा– 2014 में देश की 23 फीसदी आबादी गरीबी के साये में जी रही थी। अब गरीबी के दायरे में रहे लोगों का आंकड़ा कम होकर महज 11 फीसदी रह गया है। मेरे हिसाब से यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। देश ने इन 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के जाल से बाहर निकाला है। अब भारत को सिर्फ एक उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि दक्षिण एशिया के लीडर के रूप में देखा जाता है।

**आदित्य बिड़ला समूह ने किया है इतना निवेश**

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने इस मौके पर कहा कि राजस्थान में उनके समूह की मजबूत कारोबारी उपस्थिति है, जिसके साथ 25 हजार से ज्यादा लोग जुड़े हुए हैं। हमने अभी तक राज्य में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। राजस्थान में हमारे सीमेंट कारोबार की क्षमता 2 करोड़ टन से ज्यादा है, जो ब्रिटेन की पूरी क्षमता से ज्यादा है।

# एयरटेल ने जारी की स्पैम रिपोर्ट, स्पैम सॉल्यूशन के लॉन्च के बाद दिखे नेटवर्क ट्रेंड का किया विश्लेषण




**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पहले स्पैम–फाइटिंग नेटवर्क भारती एयरटेल ने अपने एआई–संचालित स्पैम–फाइटिंग सॉल्यूशन को लॉन्च करने के ढाई महीने के भीतर ही 8 अरब स्पैम कॉल और 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया है। इस एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से, एआई–संचालित नेटवर्क ने हर दिन लगभग एक मिलियन स्पैमर्स की पहचान सफलतापूर्वक की है। पिछले ढाई महीनों में कंपनी ने लगभग 25.2 करोड़ यूनिक कस्टमर्स को इन स्पैम कॉल्स के बारे में सतर्क किया है और देखा गया है कि ऐसे कॉल्स का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12% की कमी आई है। एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉल्स में से 6% को स्पैम कॉल्स के रूप में पहचाना गया है, जबकि कुल एसएमएस का 2% भी स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि 35% स्पैमर्स ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है।

दिल्ली के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को। सबसे ज्यादा स्पैम कॉल दिल्ली से की गई, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक से। एसएमएस के मामले में सबसे ज्यादा एसएमएस गुजरात से भेजे गए, फिर कोलकाता और उत्तर प्रदेश से। सबसे ज्यादा ग्राहक मुंबई, चेन्नई और गुजरात के निशाने पर रहे।

रिपोर्ट में सामने आए ट्रेंड के मुताबिक, 76% स्पैम कॉल पुरुष ग्राहकों को की गई है। उम्र के आधार पर भी स्पैम कॉल की संख्या में अंतर देखा गया है। 36–60 आयु वर्ग के ग्राहकों को 48% स्पैम कॉल मिली है, जबकि 26–35 आयु वर्ग के ग्राहकों को 26% कॉल की गई। वरिष्ठ नागरिकों के पास केवल 8% स्पैम कॉल पहुंची है।

कंपनी के विश्लेषण से स्पैम कॉल के समय का भी पता चला है। स्पैम कॉल सुबह 9 बजे से शुरू होती है और दिन चढ़ने के साथ इनकी संख्या बढ़ती जाती है। स्पैम कॉल की सबसे ज्यादा गतिविधि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच होती है। इसके अलावा, सप्ताह के दिनों और सप्ताहांत में स्पैम कॉल की संख्या में बड़ा अंतर देखा गया है। रविवार को इन कॉल की संख्या लगभग 40% तक कम हो जाती है। यह भी एक ट्रेंड देखने को मिला कि खासकर 15,000 से 20,000 रुपये की कीमत वाले उपकरणों पर करीब 22% स्पैम कॉल आती है। कई मानकों का गहराई से विश्लेषण करके, एआई–संचालित सिस्टम ने इन अवांछित कॉल्स को रियल टाइम में बेहद सटीकता से पहचानने में सफलता प्राप्त की है। इस पहल ने एयरटेल को भारत का पहला सर्विस प्रोवाइडर बना दिया है, जो स्पैम की बढ़ती समस्या का पूरी तरह से समाधान प्रदान करता है और जिसने अपने ग्राहकों की गोपनीयता और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उद्योग में नए सुरक्षा मानकों की शुरुआत की है।

# संजय मल्होत्रा होंगे भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। वे वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में राजस्व विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत संजय मल्होत्रा को गवर्नर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। यह कार्यकाल 11 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होगा। वह शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे, जिन्होंने आरबीआई गवर्नर के रूप में दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं।

आईएएस अधिकारी संजय मल्होत्रा के पास वित्त, कराधान, बिजली, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन सहित प्रमुख क्षेत्रों में 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अनुभवी नौकरशाह मल्होत्रा शीर्ष बैंक के 26वें गवर्नर होंगे, जो दास का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल मंगलवार को समाप्त होने वाला है। दिसंबर 2018 में आरबीआई गवर्नर के रूप में नियुक्त किए गए दास ने हाल के दशकों में मानक पांच साल के कार्यकाल को पार कर लिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने एक अधिसूचना में कहा कि 1990 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा 11 दिसंबर, 2024 को तीन साल की अवधि के लिए पदभार ग्रहण करेंगे।

मल्होत्रा की नियुक्ति ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई है, जब आरबीआई मुद्रास्फीति नियंत्रण और आर्थिक विकास में मंदी जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में सचिव (राजस्व) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, उन्होंने वित्तीय सेवा विभाग में भी सचिव का पद संभाला था।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान में इंजीनियरिंग स्नातक, मल्होत्रा ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय, अमेरिका से सार्वजनिक नीति में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की है। उनका करियर राज्य और केंद्र दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में रहा है, जहां उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नीतियों को आकार दिया है।



दिसंबर 2022 से राजस्व सचिव के रूप में, मल्होत्रा ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों दोनों के लिए कर नीतियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व ने कर संग्रह को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो भारत के राजकोषीय स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद के पदेन सचिव के रूप में भी काम किया, यह परिषद् भारत में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) ढांचे के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार निकाय है।


25वें आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की बात करें तो उनका कार्यकाल 10 दिसंबर 2024 को समाप्त हो रहा है। दास रिजर्व बैंक में नियुक्ति से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशासन में एक प्रमुख अधिकारी थे। उन्होंने सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच तनावपूर्ण संबंधों के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आरबीआई गवर्नर बनने से पहले, शक्तिकांत दास 15वें वित्त आयोग के सदस्य और भारत के ज20 शेरपा के रूप में भी कार्यरत थे। शासन में चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने वित्त, कराधान, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई।

वित्त मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान, दास आठ केंद्रीय बजट तैयार करने में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिससे राजकोषीय नीति में उनकी गहरी विशेषज्ञता का पता चलता है।

वे दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातकोत्तर हैं। मिंट स्ट्रीट कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद, दास ने बाज़ारों में तेज़ी से विश्वास बहाल किया, जो अधिशेष हस्तांतरण के मुद्दों पर आरबीआई और सरकार के बीच विवाद के बीच उनके पूर्ववर्ती उर्जित पटेल के अचानक इस्तीफे से हिल गया था। उनके स्थिर नेतृत्व ने तनाव को कम करने और केंद्रीय बैंक और सरकार के बीच अधिक सहयोग के लिए मंच तैयार करने में मदद की।

# एनएचसी फूड्स का रु. 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

**एजेंसी, वलसाड . गुजरात।** मसाला, अनाज, तेलबीज, सूखा मेवा और अन्य कृषि उत्पाद के निर्यात व्यापार से जुड़ी गुजरात स्थित नेशनल हेल्थ कॉरपोरेशन फूड्स लिमिटेड का 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू 5 दिसम्बर, 2024 से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। 6 दिसम्बर, 2024 को प्रति शेयर 2.76 की मौजूदा बाजार कीमत के सामने कंपनी प्रति शेयर 1 रुपए की आकर्षक कीमत पर राइट्स इश्यू ऑफर कर रही है। राइट्स इश्यू 18 दिसम्बर, 2024 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में 1 रुपए की कीमत पर लेने / सब्सक्राइब करने के लिए राइट्स एनटाईटलमेंट्स (ब्रस्थ सिम्बोल: ह॥स्म्ब्रह–ऋ्ष) भी खरीद सकते हैं। राइट्स अधिकारों के ऑन मार्केट त्याग की अंतिम तिथि 12 दिसंबर, 2024 है।




सूचित राइट्स इश्यू का राइट एंटाईटलमेंट्स 4:1 रेश्यो है (रेकॉर्ड तारीख 26 नवंबर, 2024 को इक्विटी शेयर धारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 फुल्ली पैड इक्विटी शेयर के सामने प्रत्येक 1 रुपए की फेस वैल्यू के 4 राइट्स इक्विटी शेयर ) कंपनी प्रत्येक 1 की कीमत प्रति शेयर 1 रुपए की फेस वैल्यू के 47.42 करोड़ फुल्ली पेड अप इक्विटी शेयर्स इश्यू करेगी जिसका मूल्य 47.42 करोड़ है।

वित्तीय वर्ष 2025 पहली अर्धवार्षिक अवधि के लिए कंपनी का मुनाफा बढ़कर 4.05 करोड़ हुआ था जिसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024 का पूर्ण मुनाफा 2.35 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2024 के पूरे वर्ष की आय 211.30 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2025 के पहले अर्ध वार्षिक अवधि के लिए आय 140.67 करोड़ थी। राइट्स इश्यू के जरिए एकत्रित किए गए फंड्स को कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पहुंचने के लिए सिक्योर्ड ऋण चुकाने और आम कॉरपोरेट हेतुओं के लिए किया जाएगा। 47.42 करोड़ रुपए के इश्यू से मिलने वाली राशि में से कंपनी ने 25 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरतों के लिए, 15 करोड़ सिक्योर्ड ऋण के पेमेंट के लिए और 7 करोड़ आम कॉरपोरेट हेतुओं के लिए उपयोग में लेने की योजना बनाई है।

# सोना 190 रु. फिसलकर 78960 रु प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंचा, चांदी 350 रुपए मजबूत हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 190 रुपये घटकर 78,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमतों में इजाफा दिखा और यह 350 रुपये चढ़कर 93,850 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 190 रुपये टूटकर 78,560 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। शुक्रवार को यह पीली धातु 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 410 रुपये अथवा 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,029 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 738 रुपये या 0.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 93,186 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 14.10 डॉलर प्रति औंस या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 2,673.70 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# रिफाइनेंसिंग के जरिये जल्द चुका सकते हैं होम लोन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आरबीआई ने रेपो दर को लगातार 11वीं बार यथावत रखते हुए भले ही सीधे तौर पर कर्जदारों को कोईराहत नहीं दी है, लेकिन नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 0.5 फीसदी की कटौती कर अप्रत्यक्ष तौर पर थोड़ी रियायत जरूर दी है। केंद्रीय बैंक के इस कदम से बैंकों को 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलने की उम्मीद है। इससे वे आने वाले समय में कर्ज दरों के मोर्चे पर राहत जरूर दे सकते हैं। ऐसे में अगर आपका कोई होम लोन चल रहा है तो मौजूदा या किसी अन्य बैंक में रिफाइनेंस कराने पर विचार कर सकते हैं। अगर नया घर खरीदना चाहते हैं तो भी ब्याज को लेकर मोलभाव कर सकते हैं।



रिफाइनेंस कराने के फायदे

आपने 9 फीसदी ब्याज पर 240 माह के लिए 50 लाख का होम लोन लिया है तो 57.96 लाख ब्याज समेत कुल 1,07,96,711 रुपये चुकाना होगा। ईएमआई 44,986 रुपये होगी। ऐसे में...

**मौजूदा बैंक के साथ**

अपने मौजूदा बैंक से ब्याज दर कम करने को कहें। कोई दस्तावेज नहीं देना होगा।

**बचत :** बैंक अगर 8.50 फीसदी ब्याज पर रिफाइनेंस करता है तो 3.83 लाख की बचत होगी यानी आपको ब्याज के रूप में सिर्फ 54.13 लाख ही देना होगा।

**किसी अन्य बैंक में**

किसी अन्य बैंक में होम लोन बैलेंस ट्रांसफर कराते हैं तो प्रोसेसिंग और लीगल शुल्क का भुगतान करना होगा।

**बचत :** बैंक अगर बैलेंस ट्रांसफर पर 8.25 फीसदी ब्याज दर की पेशकश करता है तो आपको ब्याज के रूप में सिर्फ 52.24 लाख रुपये का ही भुगतान करना होगा।?यानी 5.72 लाख की बचत होगी।

**बचत के अन्य तरीके**

**अधिक ईएमआई चुकाएं :** अगर आप 44,986 रुपये की जगह 50,000 रुपये ईएमआई भरने लगते हैं तो कर्ज अवधि 240 महीने से कम होकर 186 माह रह जाएगी।

**एक अतिरिक्त ईएमआई भरें :** पूरे साल में एक अतिरिक्त ईएमआई भरने पर आपकी कर्ज अवधि घटकर 195 महीने रह जाएगी।

**कुल बचे कर्ज का 5 फीसदी भुगतान करें :** ईएमआई के अलावा अगर आप हर 12 महीने में एक बार बचे कुल कर्ज का 5 फीसदी हिस्सा भुगतान करते हैं तो आपकी देनदारी 133 महीने में ही खत्म हो जाएगी।

**बैंकों से मोलभाव का अच्छा समय**

रेपो दर में कोई बदलाव नहीं होने से अभी आपकी ईएमआई नहीं बढ़ेगी। यह उन उधारकर्ताओं के लिए अच्छी खबर है, जिनकी आर्थिक स्थिति तंग है। बैंक कर्ज दरों को स्थिर बनाए?रख सकते हैं। अगर आप घर खरीदना चाहते हैं या अपने होम लोन को रिफाइनेंस कराने की योजना बना रहे हैं, तो यह कम ब्याज दर के लिए मोलभाव करने का अच्छा समय हो सकता है।

# एअर इंडिया फ्रांस की एयरबस से खरीदेगा 100 नए विमान, पिछले साल दिया था 470 विमानों का ऑर्डर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस को 100 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दिया है। इन विमानों में 10 वाइडबॉडी ए350 और 90 नैरोबॉडी ए320 फैमिली विमान ए321 नियो भी शामिल है। 100 नए विमानों का यह ऑर्डर 470 विमानों के उस ऑर्डर से अलग हैं जो एअर इंडिया ने पिछले साल एयरबस और बोइंग को मिलाकर दिए थे। नए ऑर्डर के बाद एअर इंडिया की ओर से एयरबस को ऑर्डर किए गए विमानों की कुल संख्या 350 हो गई है। पिछले साल विमानन कंपनी ने एयरबस को 250 विमनों के ऑर्डर दिए दिए थे, जिनमें 40 ए350 और 210 ए320 फैमिली विमान शामिल थे।




एअर इंडिया ने यह भी घोषणा की कि उसने अपने बढ़ते ए350 बेड़े की रखरखाव से जुड़ी जरूरतों का समर्थन करने के लिए एयरबस के फ्लाइट ऑवर सर्विसेज–कंपोनेंट (एफएचएस–सी) का चयन किया है। टाटा संस और एअर इंडिया के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा, 卐भारत में यात्रियों की संख्या बाकी दुनिया से ज्यादा है, इसके बुनियादी ढांचे में काफ़ी सुधार हो रहा है और युवा आबादी तेजी से वैश्विक हो रही है, ऐसे में हमें लगता है कि एअर इंडिया की ओर से पिछले साल दिए गए 470 विमानों के पक्के ऑर्डर से आगे अपने भविष्य के बेड़े का विस्तार करने की एक स्पष्ट जरूरत है। उन्होंने कहा, 卐ये 100 अतिरिक्त एयरबस विमान एअर इंडिया को विकास के रास्ते पर ले जाने में मदद करेंगे और एयर इंडिया को एक विश्वस्तरीय एयरलाइन बनाने के हमारे मिशन में योगदान देंगे जो भारत को दुनिया के हर कोने से जोड़ेगी।

एयरबस के सीईओ गिलौम फौरी ने कहा, 卐हाल के महीनों में भारतीय विमानन क्षेत्र की जबरदस्त वृद्धि को व्यक्तिगत रूप से देखने के बाद, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि एअर इंडिया ने हमारे ,320 परिवार और ,350 विमानों के लिए इस अतिरिक्त ऑर्डर के साथ एयरबस पर अपना भरोसा फिर से हासिल किया है। एयरबस के सीईओ ने कहा, 卐इस निरंतर साझेदारी के जरिए, हम टाटा के विजन और नेतृत्व के तहत एअर इंडिया की 卐विहान.एआई卐 परिवर्तन योजना की सफलता में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 100 अतिरिक्त विमानों के ऑर्डर के बाद, एयरबस की ओर से एअर इंडिया को कुल 344 नए विमानों की डिलीवरी करनी है, जिसमें से अब तक छह,350 विमान आ चुके हैं। एयर इंडिया ने 2023 में बोइंग को भी 220 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी विमानों के ऑर्डर दिए थे, जिनमें से 185 विमानों की डिलीवरी होनी बाकी है।

एअर इंडिया पहली भारतीय एयरलाइन है जो रोल्स–रॉयस ट्रेंट XWB इंजन संचालित एयरबस ,350 का संचालन करती है। असाधारण ईंधन दक्षता, यात्री आराम और लंबी दूरी की क्षमता प्रदान करते हुए, ,350 अब दिल्ली से लंदन और न्यूयॉर्क तक नॉन–स्टॉप उड़ान भरने वाले यात्रियों को बिल्कुल नया एअर इंडिया उड़ान अनुभव प्रदान करते हैं। सीएफएम लीप 1–ए इंजन से संचालित ए320 फैमिली बेड़ा, एअर इंडिया के घरेलू और छोटी दूरी के परिचालन की रीढ़ है, जो एयरलाइन के लाखों ग्राहकों को विश्व स्तरीय उड़ान अनुभव प्रदान करता है।

Scanned with OKEN Scanner

Sports News

### आसियान चैम्पियनशिप 2024: कंबोडिया और मलेशिया के बीच पहला मैच 2-2 से ड्रा



नोम पेन्ह। कंबोडिया ने रविवार रात नोम पेन्ह के ओलंपिक स्टेडियम में 2024 आसियान चैम्पियनशिप ग्रुप ए के उद्घाटन फुटबॉल मैच में मलेशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला।

मलेशिया ने 35वें मिनट में मिडफील्डर स्टुअर्ट विल्किन के गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन कंबोडिया ने दूसरे हाफ में अब्देल कादर कूलिबली के गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद टाई सा ने कंबोडिया को एक घंटे के अंदर दूसरा गोल कर बढ़त दिला दी। हालांकि, 74वें मिनट में फ्रांस टियरनी ने बराबरी का गोल करके मलेशिया को हार से बचाया। फीफा रैंकिंग में कंबोडिया 180वें स्थान पर है, जबकि मलेशिया 132वें स्थान पर है। 2024 आसियान चैंपियनशिप 5 जनवरी, 2025 तक चलेगी। कंबोडिया को मलेशिया, सिंगापुर, ईस्ट तिमोर और थाईलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

### पैरा-एथलेटिक चैंपियनों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से रुनवाल रियल्टी करेगा 'ठाणे हाफमैराथन' की मेजबानी

मुंबई। मुंबई के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, रुनवाल रियल्टी, प्ले फ्री स्पोर्ट्स के सहयोग से, 15 दिसंबर, 2024 को ठाणे हाफमैराथन की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह दौड़ रुनवाल 25 आवर लाइफ मानपाड़ा, ठाणे पश्चिम से शुरू होगी। आयोजन से प्राप्त आय सीधे तौर पर भारत के पैरा-एथलीट चैंपियनों को कृत्रिम पैर प्रदान करके, उन्हें बाधाओं को तोड़ने और चमकने के लिए सशक्त बनाकर सहायता करेगी। दौड़ का आयोजन चार श्रेणियों 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 1 मील में किया जाएगा। प्रतिभागियों को कई उपहार दिए जाएंगे, जिनमें ड्राई फिट टी-शर्ट, फिनिशर मेडल, नाश्ता और शीर्ष ब्रांडों के ?1,000 से अधिक मूल्य के वाउचर शामिल हैं।

### हर खिलाड़ी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए : ललित उपाध्याय

वाराणसी । ओलंपियन ललित उपाध्याय ने युवा खिलाड़ियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए सोमवार को टिप्स दिया। परमानंदपुर शिवपुर स्थित विकास इंटर कॉलेज में हॉकी संघ वाराणसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ओलंपियन ललित उपाधयाय ने युवा खिलाड़ियों में हॉकी किट वितरित कर कहा कि जीवन में आप तभी आगे बढ़ सकते हैं, जब आप में आगे बढ़ने की भूख होगी। समस्या तो जीवन में आती जाती हैं। उससे घबराना नहीं चाहिए। अभाव का भी रोना नहीं चाहिए। दुनिया में वही आगे जाता है, जो समस्या का हल निकालना जानते हैं।ललित उपाध्याय ने कहा कि मैं भी सामान्य आय वर्ग से आगे आया हूं। साथ ही कभी भी माता पिता और गुरु की बात को टालना नहीं चाहिए। ये जीवन में बार-बार नहीं मिलते हैं। ओलंपिक में दो बार हॉकी में कांस्य पदक जीतने वाले ललित अब तक 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उपाध्याय का मानना ?है कि हर खिलाड़ी को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उसी के अनुसार अपना कार्यक्रम बनाना चाहिए। कार्यक्रम में हॉकी के अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी ललित ने 100 से अधिक खिलाड़ियों में हॉकी किट वितरित किया। इसके अलावा हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह को अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी भेट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के उपाध्यक्ष केबी रावत, जिला ओलंपिक संघ के सचिव शम्स तबरेज, प्रेम शंकर तिवारी आदि भी मौजूद रहे।

==

# महिला एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा : नेहा



**एजेंसी,नई दिल्ली**

महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में ओडिशा वॉरियर्स की कप्तानी कर रहीं नेहा ने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए उद्घाटन एचआईएल को एक बड़ा मंच करार दिया। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के साथ जीत हासिल करने के बाद, नेहा अब भारतीय हॉकी में इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए नई ऊर्जा और फोकस के साथ कप्तानी की भूमिका में कदम रख रही हैं। नेहा ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम वर्षों से इस तरह के मंच की प्रतीक्षा कर रहे थे, और अब जब यह अंततः यहाँ है, तो यह अवास्तविक लगता है। यह युवा लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। यह लीग उन लोगों को भी प्रेरित करेगी जो इस सीज़न में आगे नहीं बढ़ पाए और उन्हें कड़ी मेहनत करने और अगले संस्करण के लिए लक्ष्य बनाने की प्रेरणा मिलेगी। मुझे विश्वास है कि एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगा।'' ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नियुक्त की गईं नेहा नई जिम्मेदारी लेने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में यह मेरा पहला बड़ा टूर्नामेंट है, और दबाव की भावना होने के बावजूद, मैं चुनौती को लेकर उत्साहित हूं। मैं कुछ समय तक भारतीय सेटअप का हिस्सा रही हूं, इसलिए मुझे पता है कि जरूरत पड़ने पर कैसे आगे बढ़ना है। मैंने हमेशा नेतृत्व की भूमिकाएँ स्वीकार की हैं, चाहे वह अपने साथियों का मार्गदर्शन करना हो या मैदान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेना हो। हमारी टीम अनुभवी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से भरी है, इसलिए मुझे उन्हें ज्यादा कुछ बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरा लक्ष्य उदाहरण के साथ नेतृत्व करना और अपनी टीम में सर्वश्रेष्ठ लाना है।'' अपनी शादी सहित हालिया व्यक्तिगत मील के पत्थर के बावजूद, नेहा अपनी पेशेवर और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं को संतुलित करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, मैं अपने जीवन के दोनों पहलुओं का प्रबंधन वर्षों से करती आ रही हूँ। मेरी शादी से खेल के प्रति मेरा दृष्टिकोण नहीं बदलेगा। मेरे पति अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं और समझते हैं कि हॉकी मेरे लिए कितना मायने रखती है। इसलिए, अभी मेरा एकमात्र ध्यान एचआईएल पर है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं। एचआईएल नीलामी में, नेहा को 10 लाख रुपये में खरीदा गया, जो खेल में उनके बहुमूल्य योगदान का प्रमाण है। हालाँकि उन्होंने यह तय नहीं किया है कि पैसे का उपयोग कैसे किया जाए, वह युवा एथलीटों के विकास में योगदान देने की उम्मीद करती हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी तरह से वापसी करना चाहती हूं, शायद हॉकी अकादमियों में उन लड़कियों का समर्थन करके, जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। बिहार के राजगीर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी जीत से ताज़ा, नेहा एचआईएल में वही आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ला रही हैं। उन्होंने कहा, घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा विशेष होता है। प्रशंसकों की ऊर्जा और समर्थन ने राजगीर में हमारी सफलता में एक बड़ी भूमिका निभाई और मैं एचआईएल में भी इसी तरह के माहौल की उम्मीद कर रही हूं।

### बोटाफोगो ने तीसरी बार जीता ब्राजीलियन सेरी ए खिताब



**एजेंसी,रियो डी जेनेरियो**

ग्रेगोर के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से बोटाफोगो ने रविवार को साओ पाउलो को 2-1 से हराकर तीसरी बार ब्राजीलियन सेरी ए खिताब जीतकर 29 साल का इंतजार खत्म किया। बोटाफोगो के लिए मैच के 37वें मिनट में जेफर्सन सावारिनो ने पहला गोल किया, इसके बाद विलियम गोम्स ने 63वें मिनट में साओ पाउलो को लिए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। ग्रेगोर ने 92वें मिनट में एक गलत डिफेंसिव पास का फायदा उठाते हुए गोल किया। रियो डी जेनेरियो के ओलंपिक स्टेडियम में हुए इस परिणाम का मतलब था कि बोटाफोगो ने 79 अंकों के साथ सीजन का समापन किया, जो दूसरे स्थान पर मौजूद पाल्मेरास से छह अंक आगे था। यह आठ दिनों में बोटाफोगो के लिए दूसरी बड़ी ट्रॉफी थी, इससे पहले रियो की टीम ने ब्यूनस आयर्स में कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल में एटलेटिको मिनेरो को 3-1 से हराया था। बोटाफोगो के मैनेजर आर्टुर जॉर्ज ने कहा कि पिछले सीजन में मिली निराशा के बाद यह खिताब जीतना शानदार है। पिछली बार टीम ने पाल्मेरास से सीरी ए खिताब हारने के लिए 13 अंकों की बढ़त गंवा दी थी।

पुर्तगाल के ब्रागा से अप्रैल में क्लब में शामिल हुए जॉर्ज ने स्पोर्टव से कहा, मैं बहुत खुश हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हमने इस सीजन में अपने लक्ष्य हासिल किए हैं, बल्कि इसलिए भी कि खिलाड़ियों ने पिछले साल बहुत कुछ झेला। हमारा सीजन असाधारण रहा और प्रशंसक किसी से भी ज्यादा इसके हकदार हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें बहुत कुछ सहना पड़ा है ऽ

बोटाफोगो, जिसने पिछले शीर्ष-स्तरीय खिताब 1968 और 1995 में जीते थे, एक ही साल में ब्राजीलियन सीरी ए और कोपा लिबर्टाडोरेस खिताब हासिल करने वाला केवल तीसरा क्लब है। यह उपलब्धि पेले के सैंटोस ने 1962 और 1963 में और फ्लेमेंगो ने 2019 में भी हासिल की थी।

# मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड को आईसीसी ने किया दंडित



**एजेंसी,दुबई**

भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं, जहां टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। सीरीज का पहला मैच भारतीय टीम ने जीता था, जबकि दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए जीत दर्ज की। एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड के बीच नोकझोंक देखने को मिली थी, जिस पर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कार्रवाई की है। आईसीसी ने मैदान पर हुई घटना के लिए दोनों खिलाड़ियों को दंडित किया है।

आईसीसी के अनुसार सिराज को अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके मुताबिक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए ऐसी भाषा, क्रिया या हाव-भाव का प्रयोग करने से संबंधित है, जो किसी बल्लेबाज को अपमानित करती हो या आउट होने पर उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसाती हो। हेड को भी आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.13 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ अंपायर या मैच रेफरी के साथ दुर्व्यवहार से संबंधित है। सिराज और हेड को अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया गया, जो पिछले 24 महीनों में उनका पहला अपराध है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने अपराध स्वीकार कर लिए तथा मैच रेफरी रंजन मदुगले के लगाए गए दंड को भी स्वीकार कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेड ओवल में खेला गया। इस पिंक बॉल टेस्ट में मेजबान टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में यह घटना तब हुई जब ट्रेविस हेड 140 रन की पारी खेलने के बाद मोहम्मद सिराज की गेंद पर आउट हो गए। हेड को आउट करने के बाद सिराज ने आक्रामक तरीके से जश्न मनाया था और पवेल?यन लौटने का इशारा किया था, जिस पर हेड ने उनसे कुछ कहा था। मैच के बाद दोनों खिलाड़ियों ने इस घटना पर अपनी-अपनी राय भी रखी थी।

### अबू धाबी ग्रांड प्रिक्स : भारतीय रेसिंग सनसनी कुश मैनी ने ऐतिहासिक फॉर्मूला 2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती

अबू धाबी। कुश मैनी ने इस एफ2 सीज़न में एक बार फिर इतिहास रच दिया है। उन्होंने इनविक्टा रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एफ2 कंस्ट्रक्टर चैंपियनशिप जीत ली है। इसके साथ ही कुश जूनियर फॉर्मूला के शिखर पर एफआई कंस्ट्रक्टर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय बन गए। इससे पहले कुश ने एफ2 पोल पोजीशन का दावा करने वाले पहले भारतीय बने थे। सीज़न के उतार-चढ़ाव के बावजूद, कुश ने इनविक्टा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हंगरी में रेस जीत सहित पांच पोडियम हासिल किए। जेद्दा में उनकी पोल पोजीशन ने टीम के प्रभावी अभियान की नींव रखी, जिसका समापन कुश की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से उनकी जीत के रूप में हुआ। अंतिम दौड़ के लिए, मैनी ने अबू धाबी क्वालीफाइंग पी6 में एक ठोस क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश किया और दोनों दौड़ में और भी बेहतर शुरुआत की। उन्होंने अपनी पहली लैप में स्प्रिंट में 6 स्थान और पहली लैप में फीचर में 3 स्थान प्राप्त किए। हालाँकि, उनके फर्श पर कुछ क्षति ने उन्हें स्प्रिंट के लिए बैकफुट पर डाल दिया, जबकि रुके हुए पिटस्टॉप ने रविवार को फीचर रेस में सीज़न को उच्च स्तर पर खत्म करने की उनकी योजना में बाधा डाली। मैनी ने शानदार उपलब्धि के बाद कहा, ऽयह वह वर्ष नहीं है जब मैं चाहता था कि यह बताया जाए कि हमने कैसे शुरुआत की, लेकिन अभी भी कंस्ट्रक्टर्स चैम्पियनशिप में सहित बहुत सारी सकारात्मकताएं अपने साथ ले जाना बाकी है। अच्छी रेस के लिए इनविक्टा में सभी को धन्यवाद और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मेरे लिए आगे क्या होगा, इसका इंतजार कर रहा हूं और अगले साल के लिए उत्सुक हूं।'' यह ऐतिहासिक जीत न केवल भारतीय मोटरस्पोर्ट इतिहास में कुश मैनी की जगह को मजबूत करती है, बल्कि एक चुनौतीपूर्ण लेकिन पुरस्कृत सीज़न के दौरान उनके लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को भी रेखांकित करती है।

### एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर : भारत को ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ रखा गया

**एजेंसी,कुआलालंपुर**

एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में भारत को हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित करके ड्रॉ निकाला गया, जो सोमवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे, जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे फॉर्मेट में खेला जएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। नवंबर में जारी फीफा रैंकिंग के अनुसार भारत 127वें, हांगकांग 156वें, सिंगापुर 161वें और बांग्लादेश 185वें स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने एक बयान में कहा कि हम पॉट 1 टीम हैं और हमें यह दिखाने की जरूरत है कि हम क्वालिफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। समूहों के बीच बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। हर समूह मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम मार्च में सबसे पहले बांग्लादेश के खिलाफखेलेंगे, जो सैफचैम्पियनशिप में हमारे नियमित प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। हम कैलेंडर जानते हैं। हमारे पास छह गेम हैं और हमें ग्रुप में शीर्ष पर रहना होगा और एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना होगा।

एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड में भारत के मैच-

25 मार्च, 2025: भारत बनाम बांग्लादेश (घरेलू)

10 जून, 2025: हांगकांग बनाम भारत (बाहर)

9 अक्टूबर, 2025: भारत बनाम सिंगापुर (घरेलू)

14 अक्टूबर, 2025: सिंगापुर बनाम भारत (बाहर)

18 नवंबर, 2025: बांग्लादेश बनाम भारत (बाहर)

31 मार्च, 2026: भारत बनाम हांगकांग (घरेलू)

एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड पूर्ण ड्रा परिणाम-

ग्रुप ए: ताजिकिस्तान, फिलीपींस, मालदीव, तिमोर-लेस्ते

ग्रुप बी: लेबनान, यमन, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम

ग्रुप सी: भारत, हांगकांग, सिंगापुर, बांग्लादेश

ग्रुप डी: थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, चीनी ताइपे, श्रीलंका

ग्रुप ई: सीरिया, अफगानिस्तान, म्यांमार, पाकिस्तान

ग्रुप एफ: वियतनाम, मलेशिया, नेपाल, लाओस

# न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा



**एजेंसी,वेलिंगटन**

बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में दो साल के विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे के तहत सॉयर दिसंबर 2026 तक टीम के प्रभारी होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को उक्त पुष्टि की। सॉयर को पहली बार जून 2022 में नियुक्त किया गया था और उनके नेतृत्व में टीम ने इस साल अक्टूबर में पहली बार टी20 विश्व कप जीता। अब उनके पास 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टूर्नामेंट में खिताब बरकरार रखने का मौका होगा। सॉयर तब भी टीम की कमान संभालेंगे जब न्यूजीलैंड अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को जीतने का प्रयास करेगा। एनजेडसी की महिला हाई परफॉरमेंस हेड लिज़ ग्रीन ने कहा, ऽबेन के अगले दो साल के लिए टीम में शामिल होने से हम बहुत खुश हैं। उन्होंने इस समूह में बहुत अधिक विश्वास और भरोसा जगाया है और उन्हें अभी टीम में बनाए रखना बहुत बड़ी बात है, मौजूदा टीम और व्हाइट फ़र्न्स की दीर्घकालिक योजना दोनों के लिए। हमारे कई युवा खिलाड़ी जिन्होंने दो साल पहले बेन के पहले दौरे पर अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वे अब बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसा कि हमने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में देखा। उस टूर्नामेंट के दौरान बहुत अधिक विकास हुआ, जो पिछले दो वर्षों में बेन और कोचों द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम है। न्यूजीलैंड की अगली श्रृंखला इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली जाएगी, जिसमें 19, 21 और 23 तारीख को तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

# हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यश मुंबई ईगल्स को हराकर तीसरी बार जीता टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब



**एजेंसी,मुंबई**

छह दिनों तक चले मनोरंजक और बिना रुके टेनिस एक्शन के बाद, हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने रविवार शाम यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। चार श्रेणियों में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद, हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु प्रधान ने हैदराबाद के लिए खिताबी जीत सुनिश्चित की। फाइनल में यश मुंबई ईगल्स और हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगाई। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मैच की शुरुआत दमदार तरीके से की, क्योंकि हैरियट डार्ट ने यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ महिला एकल गेम में 14-11 के स्कोर से जीत हासिल की। ??पुरुष एकल में करण सिंह ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक को 14-11 से हराकर यश मुंबई ईगल्स को बराबरी दिला दी। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने महत्वपूर्ण मिक्स्ड डबल्स गेम में अपना दबदबा बनाया, हैरियट डार्ट और विष्णु वर्धन की जोड़ी ने यश मुंबई ईगल्स के ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियान को 16-9 से हराकर अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में पहुंचा दिया। पुरुषों के युगल वर्ग में, करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान व हैदराबाद स्ट्राइकर्स के विष्णु वर्धन और बेंजामिन लॉक के बीच मैच 10-10 बराबरी पर समाप्त हुआ और हैदराबाद ने 51-44 से खिताब अपने नाम कर लिया।

सेमीफाइनल मुकाबले:

दिन की शुरुआत पहले सेमीफाइनल से हुई, जहां लीग लीडर यश मुंबई ईगल्स का सामना सुमित नागल की गुजरात पैंथर्स से हुआ। यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ ने अपनी टीम को मज़बूत शुरुआत दी और महिला एकल मैच में गुजरात पैंथर्स की एकातेरिना काज़ियोनोवा को 14-11 से हराया। सुमित नागल ने पुरुष एकल में अपनी टीम के लिए वापसी की और यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह को 14-11 के स्कोर से हराया। मिश्रित युगल वर्ग के दौरान मैच का रुख़ बदल गया, जब यश मुंबई ईगल्स के ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियान ने एकातेरिना काज़ियोनोवा और विजय सुंदर प्रशांत पर 16-9 से शानदार जीत हासिल की। ??पुरुष युगल वर्ग में, यश मुंबई ईगल्स के करण सिंह और जीवन नेदुनचेझियान ने गुजरात पैंथर्स के सुमित नागल और विजय सुंदर प्रशांत को 10-9 के स्कोर से हराकर मैच जीत लिया। अंततः, यश मुम्बई ईगल्स ने पहले सेमीफाइनल में 51-43 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में, हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने राजस्थान रेंजर्स को 51-42 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।। हैदराबाद स्ट्राइकर्स के लिए हैरियट डार्ट ने महिला एकल में क्रिस्टीना दीनू के खिलाफ 14-11 से जीत हासिल करते हुए जोरदार शुरुआत की। पुरुष एकल में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें राजस्थान रेंजर्स के आर्थर फेरी ने हैदराबाद स्ट्राइकर्स के बेंजामिन लॉक पर

# बीबीएल: मेलबर्न स्टार्स ने एडम मिल्ने के साथ किया करार



**एजेंसी,मेलबर्न**

मेलबर्न स्टार्स ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को क्रिसमस से पहले बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने के लिए अनुबंधित किया है। वे पाकिस्तान के लेग स्पिनर उसामा मीर की जगह लेंगे, जो इस सीजन के पहले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। पिछले सीजन के अंत में ग्लेन मैक्सवेल के कप्तान बनने के बाद स्टार्स इस सप्ताह नए कप्तान की घोषणा करने वाले हैं। मैक्सवेल के 15 दिसंबर को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले पहले मैच के लिए फिट होने की संभावना नहीं है, क्योंकि वे अपनी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं और यह देखना बाकी है कि वे क्रिसमस से पहले होने वाले पहले तीन मैचों में से किसी में भी खेल पाएंगे या नहीं। मीर स्कॉर्चर्स, ब्रिसबेन हीट और एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ पहले तीन मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं, जो पांच दिनों के अंतराल में तीन शहरों में खेले जाएंगे। स्टार्स ने उन तीन मैचों के लिए मिल्ने को टीम में शामिल किया है। वह इससे पहले 2020-21 में सिडनी थंडर के लिए बीबीएल में खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में 7.56 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट लिए थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, एडम जैसी प्रतिभा और अनुभव वाले किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करना पहले तीन मैचों के लिए टीम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एडम ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानता है, हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह क्या कर सकता है। मिल्ने टेस्ट ड्यूटी पर मौजूद स्कॉट बोलैंड की अनुपस्थिति को भी कवर करेंगे। स्टार्स को कम से कम पर्थ में शुरुआती गेम के लिए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की कमी खल सकती है, क्योंकि वह 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफशुरू होने वाले तीसरे मैच के लिए टेस्ट टीम में बने रहने के लिए तैयार हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# 52 परी से रूपये पैसे का दाव लगाकर जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को डभरा पुलिस ने किया गिरफ्तार, 19500 रूपये किये जप्त

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे. अवैध जुओं, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थो पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी डभरा के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया था। घटना दिनांक 08. 12.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बाडादरहा डेम के पास कुछ व्यक्ति द्वारा 52 पत्ती तास से रूपये पैसे लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करने पर जुआ खेलते पकड़े गये जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम 01. दुर्गा प्रसाद साहू पिता ईतवारी सिंह साहू उम्र 40 वर्ष साकिन बसनाझर थाना खरसिया 02. सत्यनारायण पिता बेदराम राठिया उम्र 43 वर्ष साकिन नहरपाली थाना भूपदेवपुर 03. विष्णु प्रसाद गबेल पिता ठण्डाराम गबेल उम्र 41 वर्ष साकिन नैनापारा थाना खरसिया 04 अरविंद कुमार डनसेना पिता परमानंद डनसेना उम्र 49 वर्ष साकिन सोनबरसा थाना खरसिया के फड़ एवं पास से 19500 रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 444/2024 धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि 2022 कायम कर दिनांक 08.12.2024 को गिरफ्तार कर मामला जमानती होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक प्रवीण राजपूत सउनि. शंकरलाल साहू, प्र. आर हेमंत राठौर, आर. मानसिंह कुर्रे, धनेश्वर दिवाकर, चौकी फगुरम से आर. सुभाष राज, जयदेव साहू का विशेष योगदान रहा।

# वीर घाटी का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**



विकासखंड के ग्राम चिवराकुटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 53 किनारे स्थित ऐतिहासिक वीर घाटी का निरीक्षण करने कि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सरायपाली पहुंचे हुए थे। इस दौरान अमृतलाल जगत ब्लाक अध्यक्ष बसना, चुम्मनलाल पुहुप, युवराज रावल, राजेन्द्र सिंह सिदार, गणेशराम सिदार, क्षेत्रोलाल सिदार अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सरायपाली ने विधायक नीलकंठ टेकाम और उनके टीम का आदिवासी संस्कृति परम्परा अनुसार पीला अक्षत, तिलक वंदन गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किये तत्पश्चात ऐतिहासिक वीर रणभूमि क्षेत्र का निरीक्षण करने चिवराकुटा पहुंचे।

जानकारी अनुसार 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का ओडिशा राज्य के पारिवारिक रिश्तेदार घेंस जमींदार माधव सिंह का पुत्र हटेसिंह जो शहीद वीर नारायण का रिश्तेदार और संबलपुर के शहीद वीर सुरेन्द्र साय के मित्र रहें हैं। जिन्होंने संयुक्त रूप से अपनी सैन्यबलों के साथ परम्परागत अस्त्र शस्त्र भाला- बरछी तीर-कमान और तलवार से भारत माता की रक्षा के लिए चिवराकुटा के पास निशाघाटी नामक स्थल पर 250 से अधिक आक्रमणकारियों को युद्ध में परास्त कर फिरंगियों को दूर भगाने में कामयाब हुए थे।आज भी इस क्षेत्र के बिंझवार आदिवासी समाज प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में सामाजिक सम्मेलन कर आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी की पूजा पाठ कर वीर घाटी में वीरों को याद करते हैं। इस दिशा में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने सभी ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित और चीर स्मरणीय रखने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्णय लिया है।जिनके प्रतिनिधि के रूप में केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज लोकेन्द्रसिंह कुमर्रा, राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड समाज प्रदेश अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश प्रमुख पदाधिकारी गण आर एन ध्रुव प्रांताध्यक्ष, एस पी ध्रुव महासचिव, एमएल ध्रुव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं जिला महासमुन्द से डी डी मांझी, जिला प्रमुख सर्व आदिवासी समाज, अनंत वर्मा सुरेन्द्र भोई, गोलू रावल आदि की निरीक्षण टीम सरायपाली पहुंचने पर तहसीलदार श्रीधर पण्डा एवं पुलिस प्रशासन सरायपाली मौजूद रहे।

जहां बिंझवार आदिवासी प्रमुख टीमन बरिहा, पुजारी राजकुमार बरिहा, रूपबो बरिहा, बैशाखू बरिहा, नित्यानंद बरिहा, दुबराज बरिहा, अनंतराम बिसी, जगदीश चौहान ब्लाक अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संघ सरायपाली, विरेन्द्र चंद्रवंशी, तिलक पटेल,भाजपा नेता रोमी सलूजा आदि बहु संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण टीम के प्रमुख टेकाम ने इस ऐतिहासिक वीर रणभूमि वीर घाटी को पर्यटन एवं ऐतिहासिक दर्शनीय धरोहर के रूप में विकसित करवाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन से हर संभव प्रयास करने का आश्ववासन दिया।

# मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु संविदा पदों में नियुक्ति हेतु 20 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले मे 08 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन दिनांक 20 दिसंबर 2024, कार्यालयीन समय 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट https://sakti.cg.gov.in/ व कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

# जिले में 14 लाख क्विंटल से अधिक की हुई धान खरीदी, उठाव शुरू

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 105 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर व्यवस्थित रूप से धान खरीदी की जा रही है। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अब तक जिले में 14 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी जा चुकी है, इनमें 08 लाख 16 हजार 34 क्विंटल मोटा, 03 हजार 332 क्विंटल पतला और 05 लाख 90 हजार 327 क्विंटल सरना धान शामिल है। वहीं मिलरों द्वारा धान उठाव भी शुरू कर दिया गया है। अब तक 29 खरीदी केन्द्रों से 66 हजार 424 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है, जो लगातार जारी है। कलेक्टर श्री राहुल देव ने उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान का तेजी से उठाव सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि सभी पंजीकृत किसान सुगमतापूर्वक अपने धान को बेच सकें और केंद्रों में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने व्यवस्थित रूप से धान खरीदी एवं उठाव हेतु नोडल अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए कहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध रूप से धान बेचने वाले कोचियों और बिचौलियो पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उपार्जन केन्द्रों में पेयजल, छाया सहित किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# कांग्रेस शासन की अपेक्षा भाजपा शासन 50 प्रतिशत अधिक खरीदेगी धान-प्रमोद

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**



विगत 14 नवंबर से प्रदेश भर में भाजपा शासन द्वारा शुरू किए गए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद सागर ने सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदने कि बात कहते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखी है, जो की भूपेश बघेल के कार्यकाल के अंतिम वर्ष के लक्ष्य से 50 लाख मीट्रिक टन अधिक है। प्रमोद सागर ने बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष 147 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की थी इस वर्ष इसमें बढ़ोतरी करते हुए राज्य शासन ने 13 लाख मीट्रिक टन बढ़ाते हुए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी यह विष्णुदेव साय के सरकार की संवेदनशीलता का परिचय है, किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी हो रही है, किसानों की सुविधाओं के लिए टोकन व्यवस्था को ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों में रखा गया है, जिसमें ऑनलाइन में 60 प्रतिशत टोकन व ऑफलाइन में 40 प्रतिशत टोकन की व्यवस्था राज्य के भाजपा सरकार द्वारा किया गया है। किसान बंधु अपने सुविधा अनुसार टोकन लेकर धान बेच रहे हैं जिसमें लघु व सीमांत किसानों के लिए 70 प्रतिशत व बड़े किसानों के लिए 30 प्रतिशत टोकन की व्यवस्था रखी गई है, धान की खरीदी 14 नंबर से शुरू हुई है और 31 जनवरी तक चलेगी, आज तक किसानों की लगभग 30 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है, किसानों का धान बेचने के मात्र 72 घंटे में ही सम्बंधित किसान के बैंक खाते में धान की राशि पहुंच रही है, किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक सोसाइटियों में किसान बंधु प्रतिदिन माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10 हजार की नगद धनराशि प्राप्त कर सकते हैं, इस बेहतरीन व्यवस्था से छोटे किसान वर्ग को बहुत सुविधा हो रही है, इस सुविधा से उन किसानों को बैंक भी जाना नहीं पड़ रहा है और जिस धान खरीदी केन्द्र में धान बेचते हैं, वहीं से उनको नगद राशि प्राप्त हो जा रही है।

# विधानसभा सत्र के मद्देनजर कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर लगाया प्रतिबंध

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र दिनांक 16 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों कमर्चारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के लिए आदेश जारी किये है। जारी आदेश के तहत विधानसभा सत्र के अवसान तक कोई भी अधिकारी कमर्चारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों कमर्चारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा । जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें। सभी अधिकारियों कमर्चारियों को अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करने कहा गया है ।

# ग्राम प्रमुखो के चुनाव में दलगत राजनीती ग्रामीण संस्कृति के अनुरूप नहीं है...

**दबंग दुनिया ♦ उतई**

गावों में सरपंचो का कार्यकाल अंतिम पायदान पर है प्रशासन का पूरा अमला पंचायत चुनाव कराने के लिए तैयारी में लग गया है. गांवो में भी पंच व सरपंचो के प्रत्याशियों कि चर्चा शुरू हो गया है बस आरक्षण का इंतजार है. राजनितिक पार्टियां भी अपनी तैयारी में जुट चुके है. सभी अपने अपने पार्टी समर्थित पंच सरपंच चाहते है. सत्तारुढ़ दल तो पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक के पद ने अपने ही पार्टी के लोगो को बैठे देखना चाहते. ये तो अपनी अपनी सोच व रणनीति है पर क्या ग्रामीण संस्कृति इसकी इजाजत देता है इसी विषय पर हमें विचार करना है.

जब कभी भी गांव कि बात आता है तो प्रसिद्ध साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जी रचना पंच परमेश्वर का याद मन में सहज ही आ जाता है.पंचायत शब्द ग्रामीण संस्कृति से ही आया है जिसमें पहले गांव के लोग अपने सामाजिक सांस्कृतिक व आर्थिक आदि सभी फैसले पांच प्रमुख लोगो के बीच सामूहिक रूप से लिया करते थे. वें विकास कि योजनाए भी बनाते थे और उनका बेहतर क्रियान्वयन भी किया करते थे. ग्राम अपने आप में एक स्वतंत्र इकाई था. जिसका प्रमुख आधार सामूहिकता व समन्वय होता था. गाँधी जी इसीलिए पंचायती राज व्यवस्था के पक्षधर थे.भारतीय इतिहास में मौर्य काल में जनपद, महाजनपद का उल्लेख मिलता है जिससे पता चलता है कि यह एक मजबूत व्यवस्था है. इसीलिए देश के आजादी के बाद इसे मजबूती प्रदान करने के लिया सविंधान में 73 वें संशोधन के रूप में शामिल किया गया.जिसे त्रि स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था नाम दिया गया.जिसमें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत होता है. जिसमें ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए ग्राम सभा को प्रमुख आधार माना गया है तथा पार्टी विहीन रखा गया ताकि ग्रामीण संस्कृति अक्षुन्न रह सके. परन्तु समय के साथ पंचायत चुनाव में पार्टिवांद हाबी होता गया. भले ही प्रत्यक्ष रूप से दलगत नहीं होता पर पार्टियां पंच व सरपंच पद को छोड़ कर जनपद पंचायत व जिला पंचायत के प्रत्याशीयों को अधिकृत करते है और उन्ही पार्टी के आधार पर अध्यक्ष व सभापति बनाये जाते है. परन्तु पंच व सरपंच के पद अभी भी स्वतंत्र रूप से दलगत विहीन ही लड़े जा रहे थे. अक्सर देखा गया है जिन गावों में पंच व सरपंच का चुनाव पार्टिवाद चलता है वहाँ लगातार विवाद कि स्थिति बनी रहती है. लोगो में समन्वय खत्म हो जाता है.गांव दो भागो में विभक्त हो जाता है. जो राजनितिक दल यह सोचते है कि पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक हमारे ही पार्टी के लोग पद पर रहेंगे यह मानसिकता भारत कि ग्रामीण संस्कृति को खत्म कर देगा. अतः राजनितिक व सामाजिक चिंतको से निवेदन है कि वें इस दिशा में विचार करे..

# पाटसेंद्री के रासेयो इकाई का सात दिवसीय कोकड़ी में प्रारंभ

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम कोकड़ी ग्रा पं दमोदरहा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर 8 दिसंबर को प्रारंभ हुआ। जिसका प्रथम दिवस मुख्य अतिथि- भूमिसुता प्रधान सरपंच ,अध्यक्षता -जलंधर प्रधान ,अध्यक्ष किसान मोर्चा केंदुआ मंडल, विशिष्ट अतिथि साखीराम पटेल प्राचार्य एवं शिविर संयोजक,भगत राम प्रधान,कैलाश मांझी, देव प्रसाद चौहान,तारा चौहान,जितेंद्र चौहान ,शशिभूषण प्रधान,रतनलाल मांझी की आथित्य में शुभारंभ किया गया। यह सातदिवसीय शिविर कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक ,सहायक चेतन कुमार पटेल, गुण सागर पटेल के दिशा निर्देशन में विभिन्न परियोजना कार्य के अंतर्गत पूरे गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के संदेश देंगे। प्रत्येक दिवस प्रभात फेरी में नशा उन्मूलन,स्वच्छता रैली, जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा साथ ही हैंडपंप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण, नालियों, तालाब मेड , घाट ,मंदिर प्रांगण का सफाई किए जाएंगे। 14 दिसम्बर को स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिविर के उद्घाटन सत्र में पंचायत के सरपंच, पंचगण,ग्रामीण जन तथा विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कमर्चारी उपस्थित थे।

# शादी का प्रलोभन देकर बालिका का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार


**दबंग दुनिया ♦ खरसिया**



खरसिया पुलिस ने नाबालिक बालिका से दुष्कर्म मामले की शिकायत पर त्वरित कारर्वाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर पोक्सो और दुष्कर्म की धारों पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 7 दिसंबर को बालिका अपने परिजन के साथ थाना खरसिया में आवेदन दिया गया। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव द्वारा महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर से बालिका का विस्तृत कथन कराया गया जिसमें बालिका ने बताया कि कार्तिक जायसवाल से जान पहचान है, जुलाई 2024 से शादी का वादा कर शारीरिक शोषण कर रहा है, बालिका बताई कि माता-पिता काम पर जाने के बाद अकेली पाकर उसने कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और अब शादी से इनकार कर रहा है। थाना खरसिया में आरोपित पर अपराध क्रमांक 725/2024 धारा 64(2)एम,65(1) बीएनएस, 06 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद कर त्वरित कार्यवाही कर करते हुए टीआई कुमार गौरव साहू द्वारा आरोपी कार्तिक जायसवाल (उम्र 26 साल) निवासी पुलिस चौकी जोबी क्षेत्र थाना खरसिया को आज सुबह गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

# विष्णु के सुशासन में धान खरीदी केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं से किसानों में उत्साह

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार अनुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को देखकर किसानों में उत्साह का माहौल है। माइक्रो एटीएम से नगदी निकासी सहित उपलब्ध सुविधाओं के लिए किसानों ने शासन-प्रशासन का आभार जताया है।

मुंगेली विकासखंड के धान खरीदी केंद्र भठलीकला पहुंचे ग्राम भुसण्डी के किसान दिलहरण साहू ने बताया कि किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। इलेक्ट्रॉनिक तौल, बारदाना की व्यवस्था, टोकन तुहर हाथ ऐप से टोकन की सुविधा, पेयजल, छाया सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। माइक्रो एटीएम से 10 हजार तक खाता से नगदी पैसे निकालने की सुविधा दी जा रही है। बता दें कि विष्णु के सुशासन में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 31 सौ रुपए के हिसाब से प्रति क्विंटल धान की राशि दी जा रही है। इससे न केवल किसानों के फसलों का उचित दाम मिल रहा है, बल्कि किसानों का मान भी बढ़ा है। किसानों की जरूरी आवश्यकताएं पूरी होने के साथ ही उनके हक का पैसा उन्हें मिल रहा है। किसान आर्थिक रूप से समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# वार्ड चलो अभियान नगर पालिका लोरमी और नगर पंचायत पथरिया में 11 से

मुंगेली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप और उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत की जांच करना, साथ ही वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इसी कड़ी में नगर पालिका लोरमी और नगर पंचायत पथरिया में 11 दिसंबर से वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका लोरमी के सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के तहत 11 दिसंबर को मानस मंच लोरमी में शिव वार्ड, जवाहरलाल नेहरू वार्ड, महामाया वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, विवेकानंद वार्ड, हरिविहार वार्ड, अग्रसेन वार्ड और गुरु नानक वार्ड, 12 दिसंबर को शासकीय प्राथमिक शाला राम्हेपुर में गायत्री वार्ड, गुरु घासीदास वार्ड, संत रविदास वार्ड, संत कबीर दास वार्ड और ठाकुर देव वार्ड तथा 13 दिसंबर को नवीन थाना भवन के सामने गांधीडीह में जय दुर्गा वार्ड, सुभाष चंद्र बोस वार्ड, महावीर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड और महात्मा गांधी वार्ड के लोगों की समस्याए एवं मांगों को सुना जाएगा और त्वरित निराकरण के लिए प्रयास किया जाएगा।

# पत्थलगांव सराफा व्यवसायी गोपाल अग्रवाल ने पदयात्रा एवं साइकिल से यात्रा कर अयोध्या पहुंचकर प्रभु राम के दर्शन किए

**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**



जब तक ऐसा व्यक्तित्व है हमारे सनातन संस्कृति का परचम लहराता रहेगा पत्थलगांव के सराफा व्यवसायी गोपाल अग्रवाल राधा कृष्ण ज्वेलर्स के संचालक सोने चांदी के व्यवसायी बनकर नहीं आम आदमी की तरह अयोध्या में राम मंदिर बने इसके लिए कार सेवक बने और अभी ढेड़ साल पहले एक महीने मजदूर बनकर राम मंदिर में काम किया और जब मंदिर बन गया तो उसके दर्शन करने के लिए घर से बस में बनारस जा रहा हूं बोलकर निकल गए अंबिकापुर से उन्होंने अयोध्या पैदल चलने का नर्णय लिया क्योंकि पत्थलगांव से अंबिकापुर के बीच में लोगों से पहचान ज्यादा होने के कारण घर वालों को पता चल जाएगा इसलिए अंबिकापुर से अपनी यात्रा प्रारंभ की प्रतापपुर तकरीबन 45 किलोमीटर पैदल चले उसके बाद उन्हें लगा कि ज्यादा चलना मुश्किल है तो साइकिल ली और 6 दिसंबर शौर्य दिवस के दिन अयोध्या पहुंचने के लिए निकल गए और रास्ते में विभिन्न वर्गों के लोगों से मिले मुलाकात की आम आदमी की तरह धमर्शाला में ढाबा में और जहां रुकने का साधन मिला वहां रुके ज्यादा दशर्नार्थियों की भीड़ होने के कारण 6 दिसंबर समय पर नहीं पहुंच पाए और 8 दिसंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के दर्शन किए सनातन संस्कृति का परचम लहराया जैसे ही पत्थलगांव वासियों को मीडिया के माध्यमसे पता चला तो उनकी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा की सभी ने प्रशंसा की।

Scanned with OKEN Scanner



## मेयोनीज बालों पर लगाएं, समस्या से छुटकारा पाएं

बालों के साथ सबसे बड़ी समस्या ये होती है कि वे हमेशा एक जैसे नहीं रहते। कभी तो हमारे बाल इतने खूबसूरत लगते हैं मानों पूरा दिन बस खुद को आइने में निहारते रहने का मन करता है। लेकिन किसी दिन ऐसा होता है कि आप चाहे जो कर लें बालों का कितना ही ख्याल क्यों न रख लें, बाल इतने उलझे और खराब दिखते हैं कि बालों को बांधने और हूडी में छिपाने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता। ज्यादातर मौकों पर ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपके बाल दोमुंहे यानी स्प्लिट एंड्स वाले हो जाते हैं। अगर दोमुंहे बालों की समस्या को इग्नोर किया जाए तो बाल तक कटवाने की नौबत आ जाती है। घरेलू नुस्खे से आप पा सकती हैं स्प्लिट एंड यानी दोमुंहे बालों से छुटकारा ...

**बालों के फायदेमंद है मेयोनीज-** मेयोनीज, नमी से भरपूर होता है और यह स्किन के साथ-साथ बालों के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। स्प्लिट एंड की समस्या दूर करने के लिए मेयोनीज का मास्क बेस्ट रहेगा। यह बालों को नरिशमेंट यानी पोषण देने के साथ ही मजबूती भी देता है। फ्रिजी और ड्राई हेयर से छुटकारा पाने के लिए उपयोग में आने वाल बेस्ट मास्क में से एक है मेयोनीज मास्क।

**मेयोनीज और ऐलोवेरा जेल का मास्क-** स्प्लिट एंड से छुटकारा पाने के लिए मेयोनीज का हेयर मास्क बनाना है तो उसके लिए 3 चम्मच मेयोनीज में 1 चम्मच ऐलोवेरा जेल मिलाएं। अच्छे से मिक्स करे बालों पर लगाएं और इस मिश्रण को करीब 1 घंटे तक बालों पर लगा रहने दें। उसके बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। हफ्ते में 2 बार ये नुस्खा आजमाएं।

**मेयोनीज और बादाम के तेल का मास्क -** मेयोनीज बालों को नमी देकर फ्रिजी हेयर्स को सही करता है। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए 1/4कप मेयोनीज और 1/3 कप शुद्ध बादाम का तेल और 2 अंडों को मिलाकर अच्छी तरह से एक पेस्ट बना लें। इस मिश्रण को पूरे बालों में अच्छी तरह से लगा लें।



## बच्चों को होमवर्क करवाने में आपके काम आएंगे ये ट्रिक्स

स्कूल से आकर या छुट्टियों में होमवर्क करना बच्चों के लिए किसी टैंशन से कम नहीं होता और उस पर माता बच्चों पर पढ़ाई के लिए अलग से प्रैशर डालते रहते हैं। जिससे कि बच्चों का मन पढ़ाई-लिखाई और होमवर्क से हटने लगता है। ऐसे में बच्चे स्कूल जाने और होमवर्क करने से कतराने लगते हैं, परंतु यदि आप चाहें, तो बच्चों की पढ़ाई को इंट्रैस्टिंग बनाकर होमवर्क होमवर्क प्रैशर को हैंडल कर सकते हैं।

### समझाएं होमवर्क की जरुरत

- बच्चों को बताएं कि रैगुलर होमवर्क उनकी पढ़ाई में उनकी मदद करता है। उन्हें उस दिन कक्षा में पढ़ा हुआ अच्छी तरह से याद हो जाता है।
- यदि बच्चा होमवर्क करने में हर रोज आनाकानी करता है, तो बच्चे से बात कर कारण का पता लगाएं और फिर आप उसकी क्लास टीचर या स्कूल काउंसलर की मदद ले सकती है।
- बच्चों को पढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करती रहें और उनके होमवर्क के लिए एक निश्चित समय निर्धारित कर लें, चाहें आप वर्किंग मदर ही क्यों न हों। जब वह होमवर्क करे तो उसके आसपास ही रहें ताकि कुछ समझ में न आने पर वह आपसे पूछ सके।
- यदि माता-पिता बचपन से ही अनुशासनात्मक व्यवहार अपनाएं तो बच्चे शुरू से ही होमवर्क को समय पर पूरा करना सीख सकते हैं।
- होमवर्क करने से पहले चैक करें कि किस सब्जैक्ट में क्या होमवर्क मिला है, हर सब्जैक्ट को कितना समय देना है उसे निर्धारित करें।
- आप बच्चे को मैथ्स और साइंस के होमवर्क और प्रोजैक्ट्स में मदद भी कर सकती हैं। सही माहौल भी है जरुरी है।
- बच्चों का होमवर्क करने के लिए शांत और सही जगह चुनें।
- होमवर्क करने के लिए घर का सहज और खुशनुमा माहौल जरुरी है।
- जब वह होमवर्क करे, उसे समय टीवी, रेडियो और खेल आदि का शोर न हो।

# सर्दियों में इसलिए बढ़ जाता है डैंड्रफ, सेहतमंद बालों के बरतें विशेष सावधानी

ठंड के मौसम में बालों में रूसी यानी डैंड्रफ हो जाना एक आम समस्या है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सर्दी के सीजन में ठंडी और ड्राई हवा चल रही होती है जो स्कैल्प में मौजूद नमी को छीन लेता है। साथ ही इस दौरान वातावरण में फंगस भी अधिक होता है जिस वजह से बालों में रूसी की समस्या होती है। जब ये ड्राई और ठंडी हवा बालों तक पहुंचती है तो हमारा स्कैल्प जहां से बालों की जड़ें शुरू होती हैं ड्राई और पपड़ीदार हो जाती है और उसमें खुजली होने लगती है। यह पपड़ीदार स्किन जब हमारे कंधे और कपड़ों पर गिरने लगती है तो हम इसे डैंड्रफ या रूसी कहते हैं।



### इन वजहों से भी होता है डैंड्रफ

- अगर आपके स्कैल्प की स्किन बहुत ज्यादा ऑइली है तो मेलासोजिया फंगस का ग्रोथ अधिक होगा और डैंड्रफ की समस्या बढ़ेगी।
- टीनएज में अगर आपके शरीर में बहुत ज्यादा हॉर्मोनल बदलाव होते हैं तो इससे भी स्किन ऑइली हो जाती है और डैंड्रफ या रूसी की समस्या बढ़ सकती है।
- कुछ लोगों में ड्राई स्कैल्प की समस्या होती है उनमें भी डैंड्रफ अधिक होता है।
- सेबॉरहोइक डर्मेटाइटिस भी एक कंडिशन है जिसमें बालों के साथ-साथ आईब्रोज, कान के पीछे, अंडर आर्म्स जैसी जगहों पर भी रेडनेस और डैंड्रफ की समस्या हो जाती है।
- अगर आपका स्कैल्प हद से ज्यादा सेंसेटिव है तो हेयर प्रोडक्ट्स और स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से भी स्कैल्प में ड्राइनेस हो जाता है और डैंड्रफ की समस्या बढ़ सकती है।



### रोज कंघी से बढ़ता है ब्लड सकुर्लेशन

जब आप कंघी का इस्तेमाल करते हैं तो आपका स्कैल्प उत्तेजित होता है और उसमें ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है जिससे स्कैल्प में मौजूद नैचरल ऑइल का सीक्रिशन बढ़ता है। ऐसा करने से बाल और स्कैल्प दोनों हेल्दी रहते हैं और हेल्दी स्कैल्प पपड़ी और डैंड्रफ से फ्री रहता है। लिहाजा रेग्युलर बेसिस पर बालों में कंघी करते रहें।

### खूब सारा पानी पिएं

सर्दी के मौसम में आमतौर पर पानी पीते ही ठंड महसूस होने लगती है इसलिए, ज्यादातर लोग सर्दी में पानी कम पीते हैं। लेकिन ऐसा करने से आपकी स्किन और बाल दोनों डिहाइड्रेट हो जाते हैं और इससे डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। सफिशंट पानी पीना जरूरी है।

### ये नुस्खे अपनाएं

- टमाटर के रस और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। इसे बालों में लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। जब घोल सूख जाए तो बाल धो लें। सप्ताह में दो बार ऐसा करने से कुछ ही दिनों में फर्क दिखने लगेगा।
- ऐलोवेरा के रस से मसाज करना भी फायदेमंद रहेगा।
- मेथी के दानों को भिगोकर इसका पेस्ट तैयार कर लें। इसे स्कैल्प में लगाएं और कुछ देर सूखने के लिए छोड़ दें। इससे डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी।

### डैंड्रफ से छुटकारे के लिए सही शैंपू का इस्तेमाल जरूरी

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए सही शैंपू का इस्तेमाल बेहद जरूरी है। लेकिन इससे ज्यादा जरूरी यह है कि बाल धोते समय आप इस बात का पूरा ख्याल रखें कि आपके बालों से शैंपू पूरी तरह निकल गया हो। यानी बालों को पानी से अच्छी तरह धोना बेहद जरूरी है ताकि स्कैल्प पर शैंपू न रहे। इस न करने पर शैंपू स्कैप्ल पर सूख जाएगा और इससे डैंड्रफ की परेशानी पैदा होगी।

### बालों में कंघी करना

डैंड्रफ को रोकना के लिए बालों में नियमित रूप से कंघी करनी चाहिए। इससे न सिर्फ आपके बाल सुंदर दिखते हैं बल्कि इससे सिर की मसाज भी हो जाती है और ब्लड सकुर्लेशन भी बढ़ता है, जो डैंड्रफ को रोकने में मददगार है। साथ ही इससे बाल भी बढ़ते हैं और बालों का टेक्चर भी अच्छा होता है।

### हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स

डैंड्रफ पैदा होने और इसे रोकने में हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स की खास भूमिका होती है। बालों में नियमित हेयर स्प्रे और जैल स्किन पर खराब असर डालते हैं, जिससे डैंड्रफ हो सकती है।

### नियमित हेड मसाज

डैंड्रफ को रोकना का बेहतरीन उपाय यह है कि नियमित रूप से हेड मसाज की जाए। ऐसा करने से ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है और रोमछिद्र खुलते हैं। इससे डेड स्किन भी कम पैदा होती है।

### ब्लो ड्राई से परेशानी

अगर आप नियमित तौर पर ब्लो ड्राई करते हैं तो डैंड्रफ की परेशानी हो सकती है। दरअसल, इससे बालों में मौजूद नमी खत्म होती है, जो डैंड्रफ पैदा करती है।



### ऑयल मसाज

मान्यता यही है कि तेल बालों को नरम और मुलायम बनाने में मदद करता है, लेकिन एक्सपर्ट डॉ. विजय का कहना है, 'यह सही है कि हमारे देश में बालों को मॉइश्चराइज करने के लिए ऑयल का यूज किया जाता है, लेकिन वास्तव में यह स्कैल्प में एक लेयर बना देता है जो बालों को नैचरल मॉइश्चर लेने से रोकता है, जिसकी वजह से पोर्स बंद हो जाते हैं और डैंड्रफ पैदा होती है। इसलिए हम तेल लगाने की सलाह नहीं देते।'

### मेडिकल कंडिशंस

ऐसा भी संभव है कि यह मौसमी न हो बल्कि मेडिकल प्रॉब्लम हो, जो स्किन से जुड़ी है। अगर ऐसा है तो इसके लिए आपको स्किन एक्सपर्ट से कंसल्ट करना चाहिए।

### दही ट्रीटमेंट

एक कटोरी में एक टी स्पून नींबू का जूस लें और एक टी स्पून सरसों का तेल। अब इसमें एक कप दही मिलाएं। इस पेस्ट को बालों में लगाएं और एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। एक घंटे बाद अच्छी तरह से बाल धो लें। डैंड्रफ से छुटकार पाना चाहते हैं तो अपने खानपान का व्यवहार बदलें। खाने में ज्यादा से ज्यादा मौसमी फ्रूट शामिल करें।



## नहाने में भी करें नमक का प्रयोग चमकेंगे बाल

ज्यादातर लोग नमक को सिर्फ खाने में ही प्रयोग करते हैं, लेकिन अगर इसे पानी में मिलाकर नहाया जाए, तो शरीर को कई तरह के फायदे हो सकते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम जैसे मिनरल्स शरीर को इंफेक्शंस से बचाते हैं। नमक के पानी में मौजूद तत्व फंगल इंफेक्शन बढ़ने से रोकते हैं। रोज इससे नहाने पर डैंड्रफ में काफी आराम मिलता है।

### एक नजर नमक के फायदों पर

- नमक के पानी से नहाने पर रक्त संचार अच्छा हो जाता है। बालों के कीटाणु खत्म होने के साथ ही डैंड्रफ नहीं होने पाती है। बाल स्वस्थ और चमकीले हो जाते हैं।
- नमक का पानी त्वचा की मरी हुई कोशिकाओं को निकालने में मदद करता है। रोज इसके पानी से नहाएंगे, तो त्वचा कोमल और चमकदार बनेगी। रंग भी खिलेगा।
- नमक के पानी में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम जैसे मिनरल्स होते हैं। ये त्वचा के छिद्रों में जाकर सफाई करते हैं। इससे स्किन इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है।
- नमक के पानी से नहाने पर थकान और तनाव दूर हो जाता है। इससे दिमाग को शांति मिलती है और रात में अच्छी नींद आती है।
- नमक के पानी से नहाने पर हड्डियों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। इससे ऑस्टियोऑर्थराइटिस और टेंडीनिटिस जैसी जॉइंट पेन की समस्या में आराम मिलता है।

## कॉफी मास्क सूजी आखों को चंद मिनटों में करे तरोताजा


आप ज्यादा सो लिए हैं या आप ठीक से नहीं सो पाए हैं... इन दोनों ही स्थितियों में आपकी आंखों पर सूजन आना या आंखें मोटी और भारी दिखना बहुत ही सामान्य है। लेकिन अगर आपको रेडी होकर तुरंत कहीं निकलना है और आप पर्फेक्ट लुक चाहते हैं तो पफी आइज की दिक्कत चंद मिनट्स में दूर हो सकती है...

### ऐसे बनाएं मास्क

आप एक कांच की कटोरी में दो वाइप्स को एक के ऊपर एक फोल्ड करके रख दें। अब इन वाइप्स पर एक टी-स्पून कॉफी पाउडर अच्छी तरह छिड़कें। इसके बाद आलू के रस को स्पून की मदद से इन वाइप्स पर कॉफी के ऊपर से डालें। स्पून से ही कॉफी को इस रस में मिक्सअप करने की कोशिश करें लेकिन वाइप्स को ना हिलाएं।

### रात को करें तैयारी

अगर आपके साथ पफी आइज की दिक्कत अक्सर होती है तो आप रात में पैक बनाकर फ्रिज में रख दें और सुबह 10 मिनट के लिए अप्लाई कर लें। इससे आपको सुबह अधिक वेट नहीं करना पड़ेगा।



### क्या-क्या चाहिए

आइज के लिए कॉफी मास्क बनाना हो तो आपको कॉफी, आलू का रस और वाइप्स (मेकअप रीमूविंग वाइप्स) की जरूरत होगी। इसके साथ एक कांच की कटोरी और एक स्पून चाहिए होगी।

### ऐसे बनाए आलू का रस

आलू का रस निकालने के लिए आप एक छोटा आलू कद्दू कस कर सकते हैं। आलू को धुलकर छील लें और फिर कद्दूकस की सबसे बारीक साइड से कस लें। अब इसे चाय की छलनी से छान लें। पोटेटो रस तैयार है।

**सलाह** आसानी से पाया जा सकता है छुटकारा

## बरसों पुराने मस्सों व दाब धब्बों को जड़ से गायब कर देगा केला का इस्तेमाल

बेदाग खूबसूरत त्वचा का सपना हर कोई देखता है। लेकिन चेहरे की ये खूबसूरती उस समय फीकी पड़ जाती है जब चेहरे पर किसी जगह मस्सा उग आए। चेहरे पर ही नहीं मस्से शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकते हैं। यूं तो मस्से व्यक्ति को किसी तरह की हानि नहीं पहुंचाते, लेकिन यह आपके लुक को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर कैसे इन बिन बुलाए मेहमानों से बड़ी आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है।



### केले का छिलका

केला ही नहीं इसके छिलकों के भी बेशुमार फायदे हैं। सेहत बनाने के साथ इसका छिलका आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। केले के छिलके में मस्से को सुखाने की क्षमता होती है। इसके लिए रात को मस्से वाली जगह पर केले के छिलके को रखकर उस पर कपड़ा बांध लें। ऐसा तब तक करें जब तक मस्सा साफ न हो जाए।

### बेकिंग सोडा

मस्सा हटाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें कैस्टर ऑइल डालकर इस पेस्ट को मस्से पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। चेहरे को एक घंटे बाद धो लें। एक महीने में आपको मस्सों की परेशानी से निजात मिल जाएगी।

### लहसुन

लहसुन में पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटी बैक्टीरियल गुण त्वचा से मस्से हटाने में मदद करते हैं। मस्से हटाने के लिए लहसुन की दो कलियां लेकर उनका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को मस्से पर एक घंटे तक लगाकर रखें। थोड़ी देर बाद त्वचा को पानी से धो लें। दिन में दो बार इस उपाय को करें।

**नोट- मस्से हटाने के लिए किए गए इन उपायों को करते समय अगर आपको किसी तरह की कोई जलन या परेशानी महसूस हो तो तुरंत उस जगह को साफ कर लें या फिर अपने डॉक्टर से सलाह लें।**

**फायदा** तिल के तेल में विटमिन बी, डी और ई प्रचुर मात्रा

## सर्दियों में स्किन पर लगाएं तिल का तेल, चेहरे पर दिखेगा जादुई असर

आपने सर्दियों में तिल खाने के फायदों के बारे में तो खूब सुना होगा, लेकिन आज हम आपको स्किन के लिए इसके फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। वैसे तो स्किन के लिए आजकल कई तरह के ऑइल मार्केट में उपलब्ध हैं, जैसे कि टी ट्री ऑइल, कोकोनट ऑइल और ऑलिव ऑइल। लेकिन सीसेम ऑइल यानी तिल का तेल भी चेहरे पर असरदार है।

### स्किन के लिए तिल के फायदे

1- तिल के तेल में ऐसे तत्व होते हैं जो चेहरे पर जादुई असर दिखाते हैं। इसमें स्किन संबंधी हर परेशानी का हल छिपा होता है। यह दाग-धब्बे के अलावा कील-मुंहासे दूर करने और चेहरे को ग्लोइंग बनाने में मदद करता है।

2- इतना ही नहीं, तिल का तेल झुर्रियों को दूर करने में भी मदद करता है और एजिंग इफेक्ट्स भी दूर करता है।

3- तिल के तेल में विटमिन बी, डी और ई प्रचुर मात्रा में होता है जो स्किन के लिए बेहद फायदेमंद है।

4- यह त्वचा में नमी की कमी को दूर करता है और एक नैचरल मॉइश्चराइजर का काम करता है।

5- तिल में एंटी-इनफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल प्रॉपर्टीज होती हैं जो चेहरे से पूरी गंदगी निकालने के अलावा सूजन और खुजली को भी कम करती हैं।

6- तिल के तेल में फैटी ऐसिड्स होते हैं जो चेहरे के लिए एक प्रभावी मॉइश्चराइजर का काम करते हैं।

### चेहरे पर ऐसे करें तिल के तेल का इस्तेमाल

रोजाना रात को सोने से पहले तिल के तेल से चेहरे की मालिश करें और सो जाएं। सुबह हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। रोजाना ऐसा करने से चेहरे पर फर्क दिखने लगेगा। लेकिन इसके लिए पहले आपको यह जानना भी जरूरी है कि आपकी स्किन ऑइली है या फिर ड्राई। अगर स्किन ऑइली है तो फिर सबसे पहले चेहरे को किसी अच्छ क्लेंजर से साफ कर लें और उसके बाद ही तिल का तेल लगाएं। लेकिन ऑइली स्किन पर रोजाना तेल से मालिश करने के बजाय हफ्ते में 3-4 दिन मालिश करें।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner